Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 299 | शुक्रवार, 31 अक्टूबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## मुजफ़्फरपुर में आयोजित एक जनसभा में पीएम मोदी बोले

# कांग्रेस-आरजेडी कर रहे छठी मइया का अपमान

नई दिल्ली।

पीएम मोदी ने मुजफ़्फरपुर रैली में कांग्रेस-आरजेडी पर छठी मइया का अपमान करने और बिहार को कट्टा, क्रूरता, कुशासन देने का आरोप लगाया। उन्होंने एनडीए को बिहार के सम्मान, मीठी भाषा और विकास के लिए प्रतिबद्ध बताते हुए दावा किया कि महागठबंधन इस चुनाव में करारी हार की ओर बढ़ रहा है। यह विश्लेषण चुनावी प्रचार में संस्कृति, गवर्नेंस और भविष्य की योजनाओं को जोड़ने की भाजपा की रणनीति को दशार्ता है। मुजफ़्फरपुर में आयोजित एक जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को विपक्षी महागठबंधन पर तीखा हमला बोला है। छठ महापर्व को लेकर कांग्रेस और आरजेडी नेताओं के बयानों का ज़िक्र



करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कुछ लोग बिहार में वोट पाने के लिए छठी मैया का अपमान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार छठ पर्व को यूनेस्को की सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल करवाने की दिशा में प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वे अक्सर सफर के दौरान छठ गीत सुनते हैं और एक बार नागालैंड की एक बच्ची द्वारा गाया गया गीत सुनकर भावुक हो गए थे। उन्होंने कहा कि जब यह बेटा छठ पर्व को वैश्विक पहचान दिलाने में लगा है, तब कांग्रेस और आरजेडी के लोग इस पर्व को नौटंकी और ड्रामा बता रहे हैं, जो बहुत ही दुखद है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या सिर्फ. वोट पाने के लिए कोई छठी मैया का अपमान कर सकता है? क्या बिहार और भारत की माताएं इसे सहेंगी? प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि आरजेडी और कांग्रेस ने हमेशा बिहार को धोखा दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दलों के शासनकाल में बिहार में कट्टा, क्रूरता, कटुता, कुशासन और भ्रष्टाचार का बोलबाला रहा है। उन्होंने कहा कि जहां आरजेडी और कांग्रेस कड़वाहट फैलाते हैं, वहां सामाजिक सौहार्द टिक नहीं पाता, विकास रुक जाता है और गरीबों के अधिकार छीने जाते हैं, जबकि कुछ परिवार ही तरक्की करते हैं। मौजूद जानकारी के अनुसार पीएम मोदी ने यह भी कहा कि एनडीए और बीजेपी का लक्ष्य बिहार के गौरव को बढ़ाना, उसकी मीठी भाषा और समृद्ध संस्कृति को दुनिया के हर कोने तक पहुँचाना और राज्य को विकास की नई ऊँचाइयों तक ले जाना है।


**बिहार के सम्मान और एनडीए प्रितिबद्ध**

## आज सरदार पटेल की 150वीं जयंतीः एकता दिवस पर लौह पुरुष को नमन करेंगे पीएम

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राष्ट्रीय एकता दिवस तथा सरदार पटेल की 150वीं जयंती के मुख्य समारोह में शामिल होंगे। गुजरात के केवड़िया में बनी स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री सरदार पटेल को पुष्पांजलि भी अर्पित करेंगे। बता दें कि पीएम मोदी दो दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें नमन कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की एकता, अखंडता एवं संकल्प शक्ति को समर्पित कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए गुजरात पहुंच चुके हैं। पीएम मोदी आज केवड़िया में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद देशवासियों को संबोधित भी करेंगे। गौरतलब है कि सरदार पटेल की जयंती यानी 31 अक्तूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है।





इस मौके पर देश के कई हिस्सों में अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन कर राष्ट्र निर्माण में लौह पुरुष के योगदान का स्मरण किया जाता है। इससे पहले बृस्पतिवार को गुजरात में एकता नगर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केवड़िया में लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने सोशल मीडिया पर मुलाकात की तस्वीरें भी साझा कीं। पीएम मोदी ने लिखा, केवडिया में सरदार पटेल के परिवार से मिला। उनसे बात करके और हमारे देश के लिए सरदार पटेल के बहुत बड़े योगदान को याद करके बहुत अच्छा लगा। सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 150 रुपये मूल्य का स्मारक सिक्का और डाक टिकट इसके अलावा प्रधानमंत्री ने बृहस्पतिवार को गुजरात के एकता नगर में सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 150 रुपये मूल्य का स्मारक सिक्का और स्मारक डाक टिकट जारी किया।

**लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के परिवार से मुलाकात**

## रूट परमिट का उल्लंघन होने पर भी बीमा कंपनी को मुआवजा देना होगा




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सड़क दुर्घटना के मामले में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा है कि रूट परमिट का उल्लंघन होने पर भी बीमा कंपनी को मुआवजा देना होगा। शीर्ष अदालत ने फैसले में कहा है कि बीमा कंपनियां दुर्घटना होने पर सिर्फ इसलिए मुआवजा देने से इनकार नहीं कर सकतीं कि संबंधित वाहन यानी बस ने रूट परमिट का उल्लंघन किया था और दुर्घटना रूट से परिवर्तित मार्ग पर हुई थी। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि सिर्फ दुर्घटना परमिट की सीमा से बाहर हुई है इसलिए बीमा पालिसी के बाहर है, कहना न्याय की भावना के खिलाफ होगा क्योंकि दुर्घटना में पीड़ित या उसके आश्रितों की कोई गलती नहीं है। बीमा कंपनी को निश्चित रूप से मुआवजे का भुगतान करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने बीमा कंपनी को मुआवजा अदा करने और फिर उसकी वसूली दुर्घटना वाली बस के मालिक से करने के कर्नाटक हाई कोर्ट के फैसले को सही ठहराया है। न्यायमूर्ति संजय करोल और प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ दाखिल बस मालिक और बीमा कंपनी की अपील खारिज कर दी है। शीर्ष अदालत ने बीमा कंपनी को पीड़ित परिवार को 3184000 रुपये मुआवजा देने और फिर इस रकम को बस मालिक से वसूलने का अधिकार देने वाले कर्नाटक हाई कोर्ट के फैसले को सही ठहराया है। पीठ की ओर से जस्टिस संजय करोल ने फैसला लिखा है। फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने मोटर वाहन बीमा के सामाजिक उद्देश्य पर जोर देते हुए कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में बीमा पालिसी का उद्देश्य किसी अप्रत्याशित दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना के होने पर मालिक या संचालक को प्रत्यक्ष जिम्मेदारी से बचाना है।

## चक्रवात 'मोंथा' का प्रकोप, यूपी-बिहार समेत इन राज्यों में होगी तूफानी बारिश

नई दिल्ली।

बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवाती तूफान मोंथा का भयंकर असर देखने को मिल रहा है। मोंथा का असर कई राज्यों में देखने को मिला है। झारखंड, बिहार, ओडिशा, सिक्किम, यूपी समेत कई और राज्यों में तूफानी बारिश हो रही है। यूपी के कई जिलों में मूसलाधार बारिश हुई है वहीं, आज सुबह से भी कई जिलों में हल्की बूंदाबांदी हो रही है। आईएमडी के मुताबिक 31




अक्टूबर को बिहार और झारखंड में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। 31 अक्टूबर को उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश हो सकती है। इससे उत्तर प्रदेश पूर्वांचल के कुछ जिलों में 31 अक्टूबर के दौरान तड़ित झंझावात के साथ वर्षा होने की संभावना है। लखनऊ स्थित भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के आंचलिक कार्यालय के वरिष्ठ विज्ञानी डा. अतुल कुमार सिंह ने बताया इस मौसम तंत्र के प्रभाव से बादलों की आवाजाही शुरू होगी। मौसम विभाग ने भारी बारिश की चेतावनी जारी करते हुए बंगाल में दार्जिच्लग समेत कई जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी कर दिया है।

## 'बड़ी गलती' होगी अफगानिस्तान के खिलाफ कोई भी आक्रामक कार्रवाई

नई दिल्ली।

अफगानिस्तान के कार्यवाहक गृह मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी ने इस्लामाबाद को चेतावनी दी कि काबुल किसी भी तरह की आक्रामकता बर्दाश्त नहीं करेगा। हक्कानी ने काबुल में ऑनलाइन पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, अफगानिस्तान के लोग किसी भी विदेशी आक्रमणकारी के खिलाफ एकजुट हैं। अफगानिस्तान को नुकसान पहुंचाने वाली कोई भी



आक्रामक कार्रवाई "बड़ी गलती" साबित होगी। हक्कानी ने कहा, हम किसी के साथ टकराव नहीं चाहते। हालांकि आक्रमण करने वाले को यह जान लेना चाहिए कि हमारे लिए अपनी रक्षा करना मुश्किल नहीं है।

## भारत में वायु प्रदूषण से 2022 में 17 लाख से अधिक मौतें

**नई दिल्ली।** भारत में मानव जनित पीएम 2.5 वायु प्रदूषण के कारण वर्ष 2022 में 17 लाख से अधिक लोगों की असामयिक मौतें हुईं। यह आंकड़ा वर्ष 2010 की तुलना में 38 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। प्रतिष्ठित चिकित्सा पत्रिका 'द लैंसेट' द्वारा प्रकाशित '2025 रिपोर्ट ऑफ द लैंसेट काउंटडाउन ऑन हेल्थ एंड क्लाइमेट चेंज' के अनुसार, इन मौतों में से 44 प्रतिशत के लिए जीवाश्म ईंधनों (कोयला, पेट्रोल और गैस) का उपयोग जिम्मेदार था।

## शिक्षामित्रों के मानदेय वृद्धि पर फैसला सरकार के हाथ, समिति ने तैयार की रिपोर्ट



लखनऊ।

शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि के मामले में अब सरकार ही निर्णय लेगी। वृद्धि पर विचार को गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेज दी है। समिति ने कहा है कि शिक्षामित्रों के मानदेय में किसी भी प्रकार की वृद्धि का निर्णय केवल मंत्री परिषद स्तर से ही संभव है। रिपोर्ट के अनुसार, सात फरवरी 2000 के शासनादेश के तहत शिक्षामित्रों को प्रारंभ में 700 प्रतिमाह मानदेय दिया गया था। इसके बाद मानदेय में छह बार वृद्धि की गई और वर्तमान में यह 10 हजार रुपये प्रति माह मानदेय मिल है। योजना प्रारंभ होने के समय के 1,450 रुपये मानदेय की तुलना में अब तक लगभग दस गुना वृद्धि की जा चुकी है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 25 जुलाई 2017 को पारित आदेश के समय शिक्षामित्रों का मानदेय 3,500 रुपये प्रतिमाह था, जिसे बाद में 10 हजार कर दिया गया। यह वृद्धि मंत्रि परिषद के निर्णय के आधार पर शासनादेश द्वारा लागू की गई थी। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 6 सितंबर 2025 को शिक्षामित्रों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने की घोषणा की थी। इसका पूरा वित्तीय भार राज्य सरकार वहन कर रही है, जिससे शिक्षामित्रों और उनके परिवारों को राहत मिली है।

## निवेश के लिए 22 देशों के प्रतिनिधि आज आएंगे लखनऊ



लखनऊ।

राज्य में निवेश की संभावना तलाशने के लिए शुक्रवार को तीन दिवसीय दौरे पर 22 देशों के प्रतिनिधि लखनऊ आएंगे। इन्वेस्ट यूपी की तरफ से इन्हें लखनऊ की धरोहरों का भ्रमण कराया जाएगा। साथ ही लखनऊ की संस्कृति और चिकनकारी भी दिखाई जाएगी। यह पहला मौका है जब एक साथ 22 देशों के प्रतिनिधि निवेश के मकसद से लखनऊ आ रहे हैं। इनमें ज्यादातर दक्षिणी अमेरिकी और कैरेबियन देशों के प्रतिनिधि शामिल हैं। सुषमा स्वराज विदेश सेवा संस्थान (एसएसआइएफएस) की पहल पर इन्वेस्ट यूपी ने विदेशी प्रतिनिधिमंडल के साथ राज्य सरकार की निवेश संबंधी नीतियों की जानकारी देने के लिए एक विशेष सत्र भी रखा है। इस सत्र में विदेशी निवेशकों को राज्य सरकार की एफडीआइ नीति की भी जानकारी दी जाएगी। इसके तहत राज्य में विदेशी निवेशकों को निवेश करने पर भूमि, स्टांप शुल्क, विद्युत शुल्क और पूंजीगत सब्सिडी जैसे प्रोत्साहन दिया जा रहा है। साथ ही सरकार प्रशिक्षण खर्च की प्रतिपूर्ति कर रही है। वहीं फार्च्यून ग्लोबल 500 व फार्च्यून इंडिया 500 कंपनियों को राज्य में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

**विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए इन्वेस्ट यूपी देगा प्रस्ताव**

## सूर्य के फॉर्म से भारत को राहत की सांस, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरा टी20 मुकाबला आज

मेलबर्न, प्रेट्र।

कप्तान सूर्यकुमार यादव के फॉर्म में लौटने से भारतीय टीम ने राहत की सांस ली है। शुक्रवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ऐतिहासिक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर पांच मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जाएगा। युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा और शिवम दुबे अपने आक्रामक अंदाज से टी20 क्रिकेट में नई पहचान बना चुके हैं, लेकिन पिछले कुछ समय से कप्तान सूर्यकुमार की खराब फार्म टीम के लिए चिंता का कारण थी। हालांकि, सीरीज के पहले मुकाबले में उन्होंने 24 गेंदों पर 39 रनों की तेज पारी खेलकर शानदार वापसी की। इस दौरान जोश हेजलवुड के खिलाफ 125 मीटर लंबा छक्का उनके आत्मविश्वास की झलक दिखा गया, जो लंबे समय तक याद रहेगा। बारिश के कारण कैनबरा में पहला मैच अधूरा रह गया, जब भारत ने 9.4 ओवर में एक विकेट पर 97 रन बना लिए थे। उस समय कप्तान सूर्यकुमार और उपकप्तान शुभमन गिल दोनों ही ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों पर हावी थे। मेलबर्न में भी शुक्रवार को बारिश होने का अनुमान है। हालांकि, भारतीय टीम अपनी लय बनाए रखने की पूरी कोशिश करेगी।



## संपादक की कलम से

# किसानों का एक और यलगार

अब बारी महाराष्ट्र के नाराज किसानों की है। राज्य में भाजपा-महायुति सरकार बने 10 माह बीत चुके हैं। किसान अशांत और असंतुष्ट हैं कि चुनाव के दौरान कर्जमाफी, फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद, दिव्यांग किसानों के मानदेय आदि पर जो वायदे किए गए थे, अभी तक अधूरे हैं। उन्हें लागू क्यों नहीं किया जा रहा है? महाराष्ट्र सरकार आर्थिक संकट का रोना रो रही है।



ललित शर्मा
संपादक

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बीती 29 अक्तूबर को तुरंत कर्जमाफी से इंकार कर दिया है। फसल बीमा योजना किसानों को बेवकूफ बना रही है। कंपनियां मालामाल हो रही हैं। राज्य सरकार 1 रुपए की जो प्रतीकात्मक किस्त देती थी, उसे भी बंद कर दिया गया है, क्योंकि उससे 5000 करोड़ रुपए की बचत हुई है। लिहाजा किसान एक बार फिर आंदोलित हैं। उन्होंने महाराष्ट्र के नागपुर में यलगार का उद्घोष किया है। करीब 1.5 लाख किसानों ने सडकें अवरुद्ध कर चक्का जाम कर दिया है, नतीजतन बॉम्बे उच्च न्यायालय को खुद संज्ञान लेकर आदेश जारी करना पड़ा है कि किसान सडकें, राजमार्ग खाली करें। जनता को बहुत असुविधा हो रही है, लेकिन बुधवार रात तक किसान यलगार को जारी रखने पर आमादा थे। आंदोलन का नेतृत्व पूर्व मंत्री बच्चू कडू कर रहे हैं, जो प्रहार जनशक्ति पार्टी के संस्थापक हैं। सवाल है कि यलगार किसानों का है अथवा यह राजनीतिक लामबंदी है? हालांकि राज्य सरकार ने जून, 2025 में कर्जमाफी पर एक कमेटी बनाई थी। उसकी रपट और अनुशंसाएं आ गई हैं अथवा नहीं, यह अभी निश्चित नहीं है। दरअसल बुनियादी मुद्दा किसान की कर्जमाफी का है। केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार ने 2008 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह की रूपरेखा के मुताबिक, किसानों के 72,000 करोड़ रुपए के कर्ज माफ किए थे। इस आंकड़े पर विवाद है, क्योंकि मौजूदा प्रधानमंत्री मोदी का दावा है कि कुल 53,000 करोड़ रुपए के कथित कर्ज माफ किए गए। उनमें कई लाभार्थी फर्जी थे अथवा कुछ लोग दिवंगत हो चुके थे, लेकिन उनके नाम पर कर्जमाफी की गई। बहरहाल इस आंकड़े को भी छोड़ते हैं, लेकिन उसके बाद कर्जमाफी एक राजनीतिक फैशन बन गई, लिहाजा राज्य सरकारों ने भी किसानों के कर्ज माफ किए। हम आंकड़ों की पुष्टि नहीं कर सकते, लेकिन यह तय है कि कर्जमाफी के तौर पर सरकारें किसानों की आर्थिक मदद करती रही हैं। आखिर किसान कितने कर्जदार हैं, यह यक्ष प्रश्न किया जाता रहा है? अब केंद्र सरकार पर करीब 225 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है, जो 2014 में करीब 58 लाख करोड़ रुपए था। इतनी तो कई देशों की सकल अर्थव्यवस्था नहीं होती। इस गंभीर सवाल को भी समझना चाहिए कि आखिर कब तक सरकारें किसानों की कर्जमाफी करती रहेंगी? महाराष्ट्र सरकार पर भी 2024-25 का कुल कर्ज 8.40 लाख करोड़ रुपए है। सालाना ब्याज करीब 65000 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। हर नागरिक पर 72,761 रुपए का कर्ज है। सरकारों को सिर्फ किसानों का कल्याण देखना है या गरीबी-रेखा के आसपास या उसके तले जीने वाले समुदायों की भी चिंता करनी है? यकीनन किसान के हालात तब से बदतर हैं, जब भारत ब्रिटिश हुकूमत का गुलाम था। किसान की गरीबी या कर्जदारी बीते 11 साल की ही देन नहीं है। किसान अन्नदाता है, हमें इस मुहावरे को भी छोडा होगा।

# रेवड़ी संस्कृति : लोकतंत्र का आधार या प्रलोभन की डगर?



ललित गर्ग



बिहार की राजनीति एक बार फिर चुनावी रंग में रंग चुकी है। हर चुनावी सभा में, गली-मोहल्ले से लेकर सोशल मीडिया तक मुफ्त रेवडियों की घोषणाओं और वादों की बाढ़ आई हुई है। यह चुनावी मौसम पहले की तरह इस बार भी ह्यरेवड़ी संस्कृति से सराबोर दिखाई देता है। महागठबंधन हो या एनडीए-दोनों गठबंधन एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में ऐसे-ऐसे वादे कर रहे हैं जो सुनने में आकर्षक लगते हैं, पर उनकी व्यवहारिकता और आर्थिक सम्भावना पर गंभीर प्रश्न उठते हैं। ये चुनावी वादें कैसे पूरे होंगे या जनता के साथ विश्वासघात होगा? हर दल मतदाताओं को लुभाने के लिए घोषणाओं की झड़ी लगा रहा है, लेकिन शायद ही किसी ने यह सोचा हो कि इन लोकलुभावन योजनाओं के लिए फंड कहां से आएगा, कैसे उनकी पूर्ति होगी और क्या यह राज्य की कमजोर आर्थिक स्थिति पर और बोझ नहीं बनेगा। बिहार का यह चुनाव इसलिए खास नहीं है क्योंकि इससे दो दशकों से राज्य का चेहरा रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भविष्य तय होना है-यह खास इसलिये है क्योंकि दोनों गठबंधनों की तरफ से एक जैसी राजनीति चल रही है-लोकलुभावन घोषणाओं की। महागठबंधन ने दो दिन पहले ह्यतेजस्वी -संकल्पह्ल घोषित किया। कांग्रेस, आरजेडी और दूसरे सहयोगी दलों ने बीते दिनों में जो चुनावी वादे किए हैं, उन्हें ही इसमें शामिल किया गया है। दूसरी ओर एनडीए के वादों की लिस्ट भी बेहद लंबी है। शुरूआत में नीतीश सरकार की तरफ से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 10 हजार रुपये, 125 यूनिट फ्री बिजली, एक करोड़ नौकरियों का वादा, महिलाओं को नौकरी में आरक्षण, बढ़ी पेंशन-नीतीश ने चुनावी अभियान इस तरह शुरू किया। महागठबंधन ने जवाब में 200 यूनिट फ्री बिजली, हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, महिलाओं को हर महीने ढाई हजार, और भी बहुत कुछ देने का वादा किया है। दोनों की गठबंधन की आसमानी घोषणाएं लुभा रही है, जनता को गुमराह कर रही है, सीधे-सीधे रूप में यह वोटों को खरीदने की साजिश है। नीति आयोग के आंकड़े बताते हैं कि देश की जनसंख्या में बिहार का हिस्सा 9 प्रतिशत से ज्यादा है, पर जीडीपी में योगदान 2021-22 में घटकर 2.8 प्रतिशत रह गया। बिहार की प्रति व्यक्ति आय देश की औसत प्रति व्यक्ति आय का केवल 30 प्रतिशत है, जबकि बेरोजगारी ज्यादा है। 2022-23 में राज्य की जीडीपी की तुलना में ऋण का अनुपात 39.6 प्रतिशत था।

बिहार के सामने सबसे बड़ी समस्या है आय के साधन जुटाने की। कुल कमाई में उसका अपना टैक्स रेवेन्यू केवल 23 प्रतिशत है और केंद्र की तरफ से अनुदान का हिस्सा 21 प्रतिशत। जन सुराज का दावा है कि मुफ्त की योजनाओं को पूरा करने के लिए 33 हजार करोड़ चाहिए होंगे। इस आंकड़े को सच मान लें तो राज्य के कुल बजट में से रोजमर्रा के कामकाज व योजनाओं का खर्च निकालने के बाद करीब 40 हजार करोड़ रुपये बचते हैं। क्या मुफ्त रेवड़ियों की घोषणाओं के वादा इससे पूरे होंगे? एनडीए और महागठबंधन, दोनों ही एक-दूसरे की घोषणाओं पर सवाल उठा रहे हैं। हालांकि हकीकत में दोनों को बताना चाहिए कि वे किस तरह इन वादों को पूरा करेंगे। बेरोजगारों को भत्ता, महिलाओं को नकद सहायता, युवाओं को लैपटॉप, किसानों के लिए ऋणमाफी-इन घोषणाओं की बाढ़ ने लोकतंत्र को मजबूती देने के बजाय उसे लोकलुभावन जाल में फंसा दिया है। यह स्थिति केवल बिहार की नहीं, पूरे देश की राजनीति में एक नई प्रवृत्ति के रूप में उभर रही है, जहां सत्ता की कुर्सी तक पहुंचने का रास्ता जनता की विवेकशीलता से नहीं, बल्कि प्रलोभनों की मिठास से तय किया जा रहा है। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं, क्योंकि यह मतदाता को उपभोक्ता में बदल देती है और राजनीति को नीति से भटकाकर लाभ की गणित में फंसा देती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कही गई ह्यरेवड़ी संस्कृतिह्ल की अवधारणा आज बिहार की राजनीति में पूर्णरूपेण साकार होती दिख रही है। मुफ्त बिजली, राशन, यात्रा या सहायता योजनाएं अब चुनावी घोषणाओं की अनिवार्य शर्त बन गई हैं। जनकल्याण का उद्देश्य पीछे छूट गया है, सामने है तो केवल वोटों की गिनती। इन घोषणाओं के माध्यम से मतदाता को प्रभावित करना एक तरह का सॉफ्ट करप्शन है, जहां खरीदी खुलकर नहीं होती, पर मानसिक रूप से मतदाता को बंधक बना लिया जाता है। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र की आत्मा पर आघात है, क्योंकि यह नीतियों और सिद्धांतों को कमजोर करती है और राजनीति को केवल सत्ता प्राप्ति का खेल बना देती है। लोकतंत्र तभी सशक्त होगा जब चुनाव नैतिक और नीति-सम्मत हों। चुनाव का अर्थ केवल जीत और हार नहीं, बल्कि समाज के चरित्र और दिशा का निर्धारण है। नैतिक राजनीति वही है जिसमें जनहित को सर्वोपरि माना जाए, न कि तत्कालिक लाभ को। यदि राजनीतिक दल अपने घोषणापत्र में केवल आकर्षक वादे ही भरते जाएं और उनके पीछे कोई आर्थिक या सामाजिक दृष्टि न हो, तो यह लोकतंत्र की आत्मा के साथ खिलवाड़ है। मतदाता को चाहिए कि वह ऐसी घोषणाओं से प्रभावित न हो, बल्कि यह देखे कि कौन-सी पार्टी या नेता दीर्घकालिक सुधार, रोजगार सृजन, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुशासन की बात कर रहा है। लोकतंत्र उपहार नहीं, उत्तरदायित्व है, इसे समझना और निभाना नागरिक का धर्म है। वोट किसी के द्वारा दी जा रही मुफ्त सुविधाओं के लिए नहीं, बल्कि भविष्य की स्थिरता, सुशासन और सच्चे विकास के लिए दिया जाना चाहिए। मतदाता का विवेक ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है। अगर जनता भावनाओं या लालच में निर्णय लेगी, तो राजनीति और शासन दोनों भ्रष्ट हो जाएंगे। इसी तरह दलों को भी आत्मसंयम रखना चाहिए और यह समझना चाहिए कि सत्ता की प्राप्ति साधन नहीं, सेवा का अवसर है। आज सबसे बड़ी जरूरत है कि चुनावी घोषणाओं पर एक नियंत्रण तंत्र बने, चुनाव आयोग और नीति आयोग मिलकर इस पर नियम तय करें कि कोई भी दल अपने घोषणापत्र में ऐसे वादे न करे जिनका कोई आर्थिक आधार न हो। मीडिया को भी केवल वादों को प्रचारित करने में नहीं, बल्कि उनकी समीक्षा करने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। जनता के बीच मतदाता शिक्षण अभियान चलाए जाने चाहिए ताकि लोग यह समझ सकें कि वोट किसी प्रलोभन का प्रत्युत्तर नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है।

वैसे तो दोनों ही गठबंधन एक-दूसरे की घोषणाओं पर सवाल खड़े कर रहे हैं। भाजपा-जद(यू) गठबंधन तेजस्वी की छवि को एक गैर जिम्मेदार सपने बेचने वाले नेता के रूप में गढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। जाहिर है कि जब तक वादों को ठोस नीति में नहीं बदला जाएगा, वे केवल भाषणों की सजावट बने रहेंगे। महागठबंधन को चाहिए कि वह अपने घोषणापत्र को भावनात्मक अपील की बजाय आर्थिक व्यवहार्यता के साथ तैयार करे। यही रणनीति जनता में भरोसा जगाएगी और विपक्ष के हमलों को कमजोर करेगी। तेजस्वी यादव का करिश्मा, संवाद शैली और युवाओं से जुड़ाव उन्हें बिहार की राजनीति में एक बड़ा चेहरा बनाते हैं लेकिन उनकी पूरी चुनावी रणनीति धुआंधार वादों के इर्द-गिर्द घूम रही है। राजनीति में कोई भी वादा तब ताकत बनता है जब उसमें विश्वसनीयता, यथार्थता और क्रियान्वयन की संभावना हो। लोकतंत्र की पवित्रता तभी बचेगी जब राजनीति नीति से संचालित होगी, जब सत्ता सेवा का माध्यम बनेगी और जब मतदाता अपने विवेक से निर्णय लेगा। बिहार जैसे प्रबुद्ध राज्य को चाहिए कि वह रेवड़ी संस्कृति से ऊपर उठकर विकास, रोजगार, शिक्षा, नैतिकता और सुशासन पर आधारित राजनीति का चयन करे। तभी लोकतंत्र अपने वास्तविक अर्थ में जीवित रहेगा और आने वाली पीढ़ियां गर्व से कह सकेंगी-हमने वोट से अपना भविष्य खरीदा नहीं, बनाया है।

## उदय किशोर साह

## अपराजित

## कविता



मुझे दीवाना न समझना
मुझे इश्क का
परवाना न समझना,
मैं रहता हूं
अक्सर हृदय में तुम्हारे
मुझे आवारगी का
किनारा न समझना।

मुझे बेगाना मत समझना
मुझे अपना भी
मत समझना
मैं रहता हूं
अक्सर खुदा की आवारगी में
मुझे यूँ ही
बेचारा मत समझना।

मुझे हारा हुआ मत समझना
मुझे पराजय का
सितारा मत समझना
मैं रहता हूं
अक्सर बड़ी जीत की तलाश में
मुझे यूँ दुनिया से हारा
मानव न समझना।

# ट्रंप-जिनपिंग के बीच समझौता वास्तव में अमेरिका की रणनीतिक सफलता है, या चीन की शतरंजी चाल का एक हिस्सा -एक सटीक विश्लेषण



गोंदिया



वैश्विक स्तरपर दुनियाँ की निगाहें आज दक्षिण कोरिया के बुसान शहर पर टिकी थीं, जहाँ लगभग छह वर्षों केअंतराल के बाद अमेरिकी राजनीति के सबसे प्रभावशाली चेहरों में से एक डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग एक ही फ्रेम में नजर आए। यह दृश्य प्रतीकात्मक रूप से जितना साधारण दिखा,उतना ही भू-राजनीतिक दृष्टि से गूढ़ था। दोनों नेता विश्व राजनीति की दो ऐसी ध्रुवीय शक्तियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो पिछले एक दशक से अधिक समय से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से वैश्विक आर्थिक, सैन्य और वैचारिक प्रतिस्पर्धा में लिप्त हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि यद्यपि मंच साझा करने का दृश्य शांति और संवाद का संदेश देता है, किंतु दोनों के बीच उपस्थित कूटनीतिक दूरी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी। यह दूरी मात्र शारीरिक नहीं, बल्कि नीतिगत, विचारधारात्मक और शक्ति-प्रदर्शन की गहराइयों में निहित है।साउथ कोरिया के बुसान में हुई यह बैठक औपचारिक रूप से एशिया-पैसिफिक क्षेत्र में आर्थिक स्थिरता और सुरक्षा मुद्दों पर केंद्रित थी। लेकिन इसके पीछे वास्तविक उद्देश्य था,वैश्विक शक्ति समीकरणों को पुनः परिभाषित करना।ट्रंप, जो दोबारा अमेरिकी राजनीति के केंद्र में लौट आए हैं, अपनी पूर्ववर्ती नीतियों के समान ही इस बार भी अमेरिका फर्स्ट एजेंडा लेकर आए हैं। दूसरी ओर, शी जिनपिंग, जो अपनी तीसरी कार्यावधि में चीन को एक आर्थिक और सैन्य सुपरपावर के रूप में स्थापित करने की दिशा में अग्रसर हैं, इस बैठक को एक मंच के रूप में देख रहे थे,जहाँ चीन अपनी रणनीतिक आत्मनिर्भरता का प्रदर्शन कर सके। हालांकि, इन दोनों के बीच हुए संवाद की प्रकृति में ठंडापन झलक रहा था।ऐसा प्रतीत हुआ मानो दोनों नेता एक औपचारिक कूटनीतिक आवश्यकता के तहत एक साथ बैठे हों, न कि आपसी विश्वास या सामरिक साझेदारी के उद्देश्य से बैठक की।

साथियों बात अगर हम दक्षिण कोरिया बुसान बैठक चीन-रूस ऊर्जा गठबंधन और अमेरिकी मौन को समझने की करें तो, वर्तमान वैश्विक ऊर्जा समीकरण में चीन और रूस के बीच का गठबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण है।रूस- यूक्रेन युद्ध के बाद, जब पश्चिमी देशों ने रूस पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए, तब चीन ने रूस से कच्चे तेल की खरीद में उल्लेखनीय वृद्धि की।आज चीन रूस का सबसे बड़ा तेल खरीदार बन चुका है।लेकिन बुसान की बैठक में, जहाँ ट्रंप ने भारत पर रुस से तेल खरीदने पर 50 पर्सेंट टैरिफ लगाने जैसे कठोर आर्थिक कदमों की घोषणा की थीं, वहीं उन्होंने चीन-रूस ऊर्जा गठबंधन के मुद्दे पर आश्चर्यजनक मौन बनाए रखा। ताइवान चीन संबंधों पर भी यह मौन तथा 10 पर्सेंट टैरिफ कम करना अमेरिका की रणनीतिक विवशता को दर्शाता है,क्योंकि ट्रंप भली-भांति जानते हैं कि रूस के तेल व्यापार में चीन की भागीदारी पर सीधा प्रश्न उठाना एक व्यापक जियो- इकोनॉमिक टकराव को जन्म दे सकता है।दूसरी ओर, ट्रंप भारत के उभरते व्यापारिक प्रभाव और डॉलर-मुक्त ऊर्जा सौदों से असहज हैं। इसलिए उन्होंने भारत पर टैरिफ बढ़ाकर आर्थिक दबाव बनाने की रणनीति अपनाई ,यह चीन के बजाय एक सॉफ्ट टारगेट पॉलिसी की झलक है।अमेरिका और चीन की प्रतिद्वंद्विता अब केवल आर्थिक नहीं रही,यह अब सॉफ्ट पावर बनाम हार्ड पॉलिटिक्स की लड़ाई बन चुकी है। चीन अपनी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव,टेक्नोलॉजी हब्स और डिजिटल युआन के माध्यम से एक वैकल्पिक वैश्विक आर्थिक व्यवस्था तैयार कर रहा है। वहीं अमेरिका अपने पुराने सहयोगियों जापान, दक्षिण कोरिया,ऑस्ट्रेलिया और भारत (क्वाड के जरिए) के साथ सामरिक संतुलन साधने की कोशिश कर रहा है।बुसान बैठक इस व्यापक संघर्ष का एक कूटनीतिक मंच बनकर उभरी। ट्रंप और शी जिनपिंग दोनों ने अपने-अपने राजनीतिक हितों को साधने की कोशिश की,परंतु विश्वास की पुनर्स्थापना अभी बहुत दूर दिख रही है। साथियों बात अगर हम ट्रंप की गर्मजोशी और शी जिनपिंग की भावहीनता-दो व्यक्तित्व, दो रणनीतियाँ मंत्र को समझने की करें तो,जब बैठक की शुरूआत हुई, ट्रंप पूरे उत्साह और आत्मविश्वास में दिखाई दिए। उन्होंने शी जिनपिंग की ओर बढ़ते हुए अत्यंत गर्मजोशी से हाथ मिलाया। यह वही ट्रंप हैं,जिन्होंने अपने राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान ट्रेड वॉर के जरिए चीन की अर्थव्यवस्था को चुनौती दी थी,लेकिन साथ ही समय- समय पर व्यक्तिगत संबंधों की राजनीति का भी प्रयोग किया। उनके चेहरे पर मुस्कुराहट,आत्मीयता और कैमरों की ओर देखने का आत्मविश्वास था,यह ट्रंप की विशिष्ट शैली है, जो वे अक्सर कूटनीतिक मंचों पर दिखाते हैं।इसके विपरीत,शी जिनपिंग का चेहरा लगभग भावहीन था, न मुस्कुराहट,न तनाव,न ही कोई प्रतिक्रिया। यह चीन की कूटनीतिक परंपरा का हिस्सा है,जहाँ संयमऔर भावनाओं का नियंत्रण नेतृत्व की परिपक्वता का प्रतीक माना जाता है।लेकिन इस बार उनकी शांति एक गहरी असहमति या असंतोष का संकेत भी दे रही थी। यह संकेत उस अविश्वास का था,जो अमेरिका और चीन के बीच पिछले कुछ वर्षों में और गहराता गया है,विशेषकर ट्रेड वॉर, टेक्नोलॉजी कंट्रोल्स, साउथ चाइना सी विवाद, और ताइवान के मुद्दों के कारण। साथियों बात अगर हम ट्रंप का अकेले चलना,शक्ति प्रदर्शन या संदेश कुछ समझने की करें तो,बैठक के समापन पर जब सभी नेता अपने-अपने मार्ग की ओर बढ़े, तो ट्रंप ने शी जिनपिंग के साथ कुछ औपचारिक शब्दों का आदान-प्रदान करने के बाद उन्हें उनकी गाड़ी तक छोड़ा फिर वहां से अकेले प्रस्थान किया। यह दृश्य मीडिया के कैमरों में कैद हुआ और तुरंत अंतरराष्ट्रीय सुर्खियाँ बन गया। विश्लेषकों का मानना है कि ट्रंप का अकेले चलना किसी अनायास घटना का परिणाम नहीं था, बल्कि एक सामरिक संकेत था,यह दिखाने के लिए कि अमेरिका किसी पर निर्भर नहीं है और वह विश्व मंच पर एकाकी नेतृत्व करने में सक्षम है। इसके विपरीत, शी जिनपिंग ने इस दृश्य को पूरी तरह नजर अंदाज किया। उनका शांत और संयमित व्यवहार यह दर्शा रहा था कि चीन भावनात्मक प्रतिक्रियाओं से ऊपर उठकर रणनीतिक स्तर पर सोच रहा है। यह उनके सॉफ्ट पॉवर और कूटनीतिक मौनकी नीति का प्रतीक है,जहाँ प्रतिक्रियाएँ शब्दों से नहीं, बल्कि नीतियों से दी जाती हैं। साथियों बात अगर हम ट्रंप की मीडिया रणनीति और 10 में से 12 अंक देने को समझने की करें तो,मीटिंग के बाद अमेरिकी मीडिया में ट्रंप ने बयान दिया कि वे इस बैठक को सफल मानते हैं और उसे 10 में से 12 अंक देते हैं। यह बयान उनके विशिष्ट अंदाज का हिस्सा था अतिशयोक्ति पूर्ण, आत्मविश्वासी और मीडिया आकर्षण केंद्रित। ट्रंप जानते हैं कि उनकी राजनीतिक पहचान केवल नीतियों से नहीं, बल्कि नैरेटिव कंट्रोल से बनती है।उन्होंने यह संदेश देने की कोशिश की कि वे एक ऐसे नेता हैं,जो हरपरिस्थिति में विजयी दिखाई देते हैं।यह अमेरिकी मतदाताओं के लिए एक मनोवैज्ञानिक संकेत था कि ट्रंप वैश्विक कूटनीति में फिर से सक्रिय हैं और अमेरिका की प्रतिष्ठा को पुनः स्थापित कर रहे हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीयविश्लेषकों का मत इससे भिन्न है। उनका कहना है कि ट्रंप की यह सफलता घोषणा अधिकतर प्रचारात्मक थी, क्योंकि बैठक में किसी ठोस नीति या समझौते की घोषणा नहीं हुई। साथियों बातअगर हम ट्रंप व जिनपिंग की बुसान बैठक के भू-राजनीतिक निहितार्थ को समझने की करें तो, बुसान की बैठक केवल एक औपचारिक मुलाकात नहीं थी,यह आने वाले दशक की अंतरराष्ट्रीय राजनीति की दिशा तय करने वाला संकेत थी। अमेरिका और चीन के बीच प्रतिस्पर्धा अब भू-अर्थव्यवस्था, ऊर्जा सुरक्षा, डिजिटल प्रभुत्व और कूटनीतिक गठबंधनों में परिलक्षित होगी।ट्रंप और शी जिनपिंग के चेहरे के भाव, उनकी शारीरिक भाषा, और उनके मौन तक ने इस बात को स्पष्ट कर दिया कि यह शीत युद्ध का नया संस्करण शुरू हो चुका है,एक ऐसा युद्ध, जिसमें हथियार नहीं बल्कि टैरिफ, टेक्नोलॉजी और ट्रेड ब्लॉक इस्तेमाल किए जा रहे हैं। साथियों बात अगर हम भारत की भूमिका, संतुलनकारी शक्ति को समझने की करें तो,इस पूरी परिदृश्य में भारत की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

जहाँ ट्रंप भारत पर टैरिफ बढ़ाकर आर्थिक दबाव बना रहे हैं, वहीं भारत अब वैश्विक मंचों पर रणनीतिक आत्मनिर्भरता और मल्टी- अलाइनमेंट की नीति अपना रहा है। भारत न तो अमेरिका की कठपुतली है,न चीन का समर्थक ,बल्कि वह दोनों के बीच एक तटस्थ शक्ति संतुलनकारी देश के रूप में उभर रहा है। ट्रंप का भारत पर टैरिफ लगाना यह भी दशार्ता है कि अमेरिका अब भारत को केवल सहयोगी नहीं, बल्कि प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था के रूप में देखने लगा है। वहीं चीन भारत को एशिया में अमेरिका की कूटनीति का विस्तार मानता है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# डीएम की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को लेकर बैठक सम्पन्न

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के संबंध में जनपद के सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

उन्होंने जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के सक्रिय सहयोग प्राप्त करने और सभी बूथों पर अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति करने का अनुरोध किया, जिससे बीएलओ को एसआईआर के कार्य में सुविधा मिले। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण हेतु जारी दिशा-निर्देशों एवं कार्यक्रमों के अनुसार सभी कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराए जाएँ। किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित न हो और पात्र मतदाताओं को शामिल किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को मिशन मोड में संचालित किया जाए तथा कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता न बरती जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने सभी ईआरओ को निर्देशित किया कि गणना प्रपत्रों का मुद्रण, वितरण, मिलान एवं संग्रहण समय से पूर्ण करें। डुप्लीकेट, शिफ्टेड एवं मृत मतदाताओं की प्रविष्टियों पर विशेष ध्यान दें। 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी पात्र नवयुवकों का नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। सभी बीएलओ को गणना प्रपत्र, घोषणा पत्र एवं फार्म-6 उपलब्ध कराए जाएँ। उन्होंने बताया कि शहरी मतदाता एवं अस्थायी प्रवासी ऑनलाइन माध्यम से भी गणना प्रपत्र भर सकेंगे। सभी बीएलओ, ईआरओ एवं एईआरओ को एसआईआर से संबंधित कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि./रा. ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जारी सारणी के अनुसार 03 नवम्बर, 2025 तक विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित तैयारी, प्रशिक्षण एवं गणना प्रपत्रों का मुद्रण कार्य पूर्ण किया जाएगा। 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर, 2025 तक बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संकलन करेंगे। 09 दिसम्बर, 2025 को आलेख्य मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाना है। दावे एवं आपत्तियाँ प्राप्त करने की तिथि 09 दिसम्बर, 2025 से 08 जनवरी, 2026 तक निर्धारित की गयी है। 09 दिसम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक सुनवाई, सत्यापन एवं निस्तारण की प्रक्रिया चलेगी और अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 07 फरवरी, 2026 को किया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री संदीप कुमार वर्मा सहित ईआरओ उपस्थित रहे।

# आगरा पुलिस की कार्रवाई: खुले में शराब पीने वालों के खिलाफ अभियान



**वेलकम इंडिया**

आगरा मेंपुलिस ने खुले में शराब पीने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। पुलिस ने अभियान चलाकर 204 शराबियों को पकड़ा है, जो कि खुलेआम जाम छलका रहे थे। इन शराबियों को थाने लाया गया और शपथ दिलवाई गई। पुलिस ने इनके चालान किए और दोबारा खुले में शराब पीते पकड़े जाने पर मुकदमे दर्ज करने की चेतावनी दी है। पुलिस ने दुकानों पर शराब पिलाने वालों को भी चिन्हित किया जा रहा है। इसके अलावा, पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे खुले में शराब पीने वालों की सूचना पुलिस को दें और शहर को साफ और सुंदर बनाने में सहयोग करें। पुलिस ने चेतावनी दी है कि खुले में शराब पीना कानूनन अपराध है और इससे आम जनता को असुविधा होती है तथा शांति व्यवस्था भंग होती है। इसलिए, पुलिस ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी जो खुले में शराब पीते पकड़े जाएंगे।

# दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण की दिशा में जिलाधिकारी ने की संवेदनशील पहल

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अपने कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान आये दिव्यांगजन तहसील मिलक के ग्राम कमरो निवासी अहमद शाह ने ट्राई साइकिल व बैशाखी की आवश्यकता संबंधी अनुरोध किया। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने उनकी प्रार्थना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतिभा पाल को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के कर कमलों द्वारा मौके पर ही दिव्यांग व्यक्ति को ट्राई साइकिल और एक जोड़ी बैशाखी उपलब्ध कराई गई। अहमद शाह ने ट्राई साइकिल प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की एवं जिलाधिकारी का आभार जताया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनता दर्शन में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता एवं संवेदनशीलता के आधार पर किया जाए, ताकि कोई भी व्यक्ति शासन की सुविधाओं से वंचित न रहे।

# डॉ गौतम सिंह लम्बरदार ने गन्ना मूल्य में वृद्धि का किया स्वागत

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर :** नीलकंठ रिजन्रेट चैरिटेबल ट्रस्ट के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर गौतम सिंह लम्बरदार ने उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा गन्ना मूल्य 400 रुपये प्रति क्विंटल करने का स्वागत किया है। डॉ लंबरदार ने बताया कि किसनो की मूल दशा सुधारने के लिए यह गन्ना मूल्य ना काफी है हम सरकार से गन्ना मूल्य 500 रुपये प्रति कुंतल की मांग करते हैं।

# प्रदेश सरकार ने किसानों के साथ छल और धोखा किया: मनोज कटारिया

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर।** किसान कामगार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ० मनोज कटारिया ने प्रदेश सरकार पर गन्ना पेराई सत्र 2025-26 का समर्थन मूल्य 30 रुपए प्रति कुन्तल घोषित करने को बहुत कम और किसानों के साथ छल करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार ने किसानों के साथ छल और धोखा किया हैं। जिसका खामियाजा भाजपा सरकार को भुगतना पड़ेगा। उल्लेखनीय हैं कि प्रदेश सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य के अनुसार अगेती प्रजाति के गन्ने का 400 रुपए और सामान्य प्रजाति का 390 रुपए प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया हैं। किसान कामगार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ० मनोज कटारिया ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा घोषित गन्ने का समर्थन मूल्य ऊँट के मुँह में जीरा हैं। उन्होंने कहा भाजपा सरकार ने नौ साल के कार्यकाल में मात्र 85 रुपए की वृद्धि की, जबकि फसल की लागत कई गुणा बढ़ गई हैं। इस प्रकार किसान की आर्थिक स्थिति को कमजोर करने का काम करते हुए योगी सरकार ने बेहताशा मंहगाई कर किसान की कमर तोड़ दी हैं। तथा किसान की फसलों का समर्थन मूल्य उस दर से नहीं दिया जा रहा, जिस दर से मंहगाई दिन प्रतिदिन बढ़ रही हैं। डॉ० कटारिया ने कहा कि वर्ष 2017 में प्रदेश की भाजपा सरकार ने पेराई सत्र 2017-18 में मात्र 10 रुपए, पेराई सत्र 2021-22 में मात्र 25 रुपये, पेराई सत्र 2023-24 में 20 रुपए प्रति कुन्तल की वृद्धि की थी तथा वर्तमान पेराई सत्र 2025-26 के लिए 30 रुपए बढ़ाने की घोषणा की हैं। इस प्रकार नौ वर्षो में चार बार मात्र 85 रुपए की वृद्धि हुई हैं, जबकि विगत नौ वर्षो से बेहताशा मंहगाई बढ़ने से किसान की आर्थिक स्थिति बहुत खराब हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को किसान की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए गन्ने सहित सभी फसलों का समर्थन मूल्य मंहगाई दर के हिसाब से प्रत्येक वर्ष बढ़ाना चाहिए। ताकि किसान खुशहाल होकर देश के विकास में योगदान दे सकें।

# सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर पोस्टर प्रतियोगिता एवं निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**धामपुर :** शासन द्वारा निर्देशित कार्यक्रमों के अन्तर्गत लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती सप्ताह के अन्तर्गत आर एस एम कॉलेज धामपुर बिजनौर के कक्ष संख्या 20 में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रोवर्स/रेंजर्स के संयुक्त तत्वाधान में पोस्टर प्रतियोगिता एवं निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अनुशासी प्रो. एस.एल. पाल ने की। उन्होंने सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ये भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक प्रमुख नेता थे। जिन्होंने भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं प्रथम गृहमंत्री को सुशोभित किया तथा 565 रियासतों को नव स्वतंत्र भारत में एकीकृत करने में अविस्मरणीय योगदान दिया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ द्वारा नामित जिला नोडल अधिकारी डॉ. रवि धनकड़ के निर्देशन में हुआ। उन्होंने कार्यक्रम की पूर्ण रूपरेखा सबके सम्मुख रखी। उन्होंने यह भी बताया कि पटेल जी के प्रमुख गुण दृढ़ निश्चय, रणनीतिक सोच एवं राष्ट्रीय एकीकरण के प्रति प्रतिबद्धता रहे तथा वे पूर्ण रूप से राष्ट्र के लिए समर्पित रहे। निबन्ध प्रतियोगिता में आदित्य सहगल, बी.एस-सी. (कृषि) प्रथम सेमेस्टर ने प्रथम, भूमिका चौहान, बी.एस-सी. (कृषि) प्रथम सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान तथा तान्या कम्बोज, बी.एस-सी. (कृषि) प्रथम सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में प्रो. अमित कुमार सिंह, प्रो. शोराज सिंह तथा डॉ. हिमांशु त्रिपाठी रहे एवं पोस्टर प्रतियोगिता में भूमिकांशी, बी.एस-सी. प्रथम सेमेस्टर, ने प्रथम स्थान, ज्योति एवं शिखा, बी.एस-सी.(कृषि) प्रथम सेमेस्टर ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान एवं शुभ्रा पटेल, बी.एस-सी. (कृषि) प्रथम सेमेस्टर एवं आशीष एम.एस-सी. (कृषि) सस्य विज्ञान ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ. भावना वत्सल, डॉ. देवेश पाठक एवं डॉ. सुमेधा चौहान रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विनय दुआ ने किया। कार्यक्रम में प्रो. पूनम घई, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. विवेक यादव, डॉ. आदित्य कुमार, डॉ. आकाश एवं अनेक छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# आगरा पुलिस ने किया सक्रिय टो गैंग का खुलासा

**वेलकम इंडिया**



**आगरा।** सिकंदरा थाना पुलिस ने महज 48 घंटे में लूट की वारदात पर तत्काल एक्शन लेते हुए खुलासा कर क्षेत्र में सक्रिय टो गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने गैंग के तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटा गया सामान और नकदी बरामद की है। एसीपी अक्षय महाडिक ने बताया कि 25 अक्टूबर को दहतोरा मोड़ पर ऑटो में बैठे व्यक्ति से लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। पीड़ित से मोबाइल फोन और नकदी लूटकर बदमाश फरार हो गए थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए सिकंदरा थाना प्रभारी ने पुलिस टीम गठित कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी थी। लगातार सर्विलांस और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ऑटो गैंग के तीन शातिर अपराधियों शिवम, आसिफ और सुहैल को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों से लूटा गया मोबाइल फोन, 5400 रुपये नकद और घटना में प्रयुक्त ऑटो रिक्शा बरामद किया है। जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी शिवम पर पहले से ही चोरी और लूट के कई मुकदमे दर्ज हैं।

गैंग सक्रिय रूप से ऑटो में सवार यात्रियों को निशाना बनाकर लूटपाट करता था। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपियों से पूछताछ जारी है और उनके अन्य साथियों की भी तलाश की जा रही है।

# द्विदिवसीय आर्य सम्मेलन का यज्ञ के साथ शुभारंभ

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर :** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम फीना स्थित शास्त्री केन क्रेशर पर आर्य समाज का द्विदिवसीय आर्य सम्मेलन का भव्य आयोजन सुप्रसिद्ध विश्व भजन गायक दिनेश पथिक तथा सुविख्यात विश्व आर्य भजनोंपदेशक सच्चिदानंद स्वामी के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ। सर्वप्रथम विश्व कल्याण के लिए यज्ञ का आयोजन किया गया। विश्व प्रसिद्ध भजन गायक दिनेश पथिक ने जनकल्याणकारी भजन गाकर सामाजिक समरसता का बीजारोपण किया। उन्होंने अपने भजनों के माध्यम से ईश्वर की परम शक्ति की आराधना की। सुप्रसिद्ध उपदेशक स्वामी सच्चिदानंद ने पांच महायज्ञ की विस्तृत व्याख्या की। उन्होंने कहा यज्ञ हमारे वातावरण को शुद्ध करते हैं। तथा वायु को प्रदूषित होने से बचाते हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता की सदैव सेवा करनी चाहिए। यही परम धर्म है। उन्होंने कहा कि आर्य समाज के अवलंबी सामाजिक कुरीतियों, कुप्रथाओं का बहिष्कार करें। उन्होंने कहा कि वेद में पुण्य, पाप और मिश्रित तीन कर्म बताए गए हैं। जीव को सदैव पुण्य कर्म का पालन करना चाहिए। कहा कि सदैव जीव हिंसा, प्राणी हिंसा से बचना चाहिए। ईश्वर ने सबको जीवन जीने का अधिकार दिया है। हमारा उसमें अवरोध बनना श्रेष्ठ मार्ग नहीं है। हम सदैव धर्म के मार्ग पर चलें। दूसरों में बुराई ढूंढने से पहले स्वयं के अंतर्मन का अवलोकन अवश्य करें। उन्होंने कहा कि वेद में भी भूमि को माता और आकाश को पीता तुल्य कहा है। हमें सदैव अपनी मातृभूमि का सम्मान करना चाहिए। उसकी रक्षा करना हमारा परम धर्म है। हमें सदैव अंधविश्वास, झूठ और पाखंड से बचना होगा। तभी भारत पुनःविश्व गुरु बनेगा। कार्यक्रम का आयोजन श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक महाविद्यालय के प्रबंधक ठाकुर अशोक शास्त्री और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि राजपूत ने आर्य समाज फीना के नेतृत्व में किया।

# गन्ना मूल्य वृद्धि पर भाजपा किसान मोर्चा महानगर सहारनपुर ने सीएम योगी का जताया आभार

**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**



**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गन्ने का समर्थन मुल्य 30 रुपए प्रति कुंतल बढ़ाये जाने के एतिहासिक निर्णय से प्रदेश भर के किसानों में खुशी की लहर दौड गई इसी क्रम में भाजपा किसान मोर्चा महानगर सहारनपुर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का आभार व्यक्त किया व अ.ऊ.ट.(ए) सहारनपुर के माध्यम से मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन भी दिया इस निर्णय को किसानों के हित में एतिहासिक फैसला बताया भाजपा किसान मोर्चा महानगर सहारनपुर के जिलाध्यक्ष चौधरी बिजनेश प्रधान जी ने कहा कि योगी सरकार किसानों की खुशहाली के लिए निरस्तर कार्य कर रही है उन्होने बताया कि अगले पेराई सत्र 2025-26 के लिए गन्ने का मुल्य 30 रुपए प्रति कुन्तल बढाकर अगेती प्रजाति 400 रुपए प्रति कुंतल और सामान्य प्रजाति 390 रुपए प्रति कुंतल कर दिया गया है। इस निर्णय से प्रदेश के गन्ना किसानों को लगभग 3000 करोड़ अतिरिक्त भुगतान प्राप्त होगा चौधरी बिजनेश प्रधान जी ने कहा की योगी सरकार के कार्यकाल में अब तक गन्ने के मूल्य में कई बार बढ़ोतरी की गई है विगत सरकारों की तुलना में सहकारी व सार्वजनिक क्षेत्र की चीनी मिलों में लगभग 17 00 करोड़ का निवेश किया गया है वर्तमान में राज्य की 122 चीनी मीले संचालित है। और इथेनॉल उत्पादन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश का देश में प्रथम स्थान है। उन्होंने बताया कि एस जी के माध्यम से पारदर्शी और ऑनलाइन पर्ची निर्गमन प्रणाली लागू की गई है जिससे भ्रष्टाचार और अराजकता पर अंकुश लगा है। चौधरी बिजनेश प्रधान जी ने बताया कि गन्ना मूल्य बढ़ोतरी के प्रयासों में पश्चिम क्षेत्र के भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री तेजा गुर्जर व उत्तर प्रदेश किसान मोर्चा के अध्यक्ष श्री कामेश्वर सिंह जी की अहम भूमिका रही है अतः क्षेत्रीय व प्रदेश अध्यक्ष जी का भी हार्दिक आभार जताया इस अवसर पर प्रवेश उपाध्याय महामंत्री किसान मोर्चा जसवीर राणा मंडल अध्यक्ष राजेश प्रधान मंडल अध्यक्ष मुकेश धीमान सुरेन्द्र प्रजापति सुरेश बाबूजी हिमांशु आदि मौजूद रहे।

# क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा तीनो नये आपराधिक कानून के संबंध में किया गया जागरुक

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन के साथ थाना क्षेत्रान्तर्गत साई सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं/शिक्षकों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम (तीनों नए कानूनों) के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा इन नए कानूनों के प्रमुख प्रावधानों, सुधारों तथा इनके व्यवहारिक उपयोग की जानकारी दी गई। उनके द्वारा बताया गया कि ये तीनों कानून भारतीय न्याय व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन लाने वाले हैं, जिनका उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं पीड़ित केंद्रित बनाना है। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने सभी को नए कानूनों की बारीकियों को समझने, अपने कर्तव्यों के निर्वहन में इनका पालन करने तथा आम नागरिकों को भी इनके प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में नये आपराधिक कानूनों की विशेषतायें, जैसे- जीरो एफआईआर ई-एफआईआर समयबद्ध न्याय महिला एवं बाल संरक्षण के प्राविधान नये अपराध प्रोद्योगिकी और फोरेंसिक के उपयोग से संबंधित प्राविधान पीडित-केन्द्रित प्राविधान आदि पर जागरुकता कार्यक्रम में विशेष रुप से प्रकाश डाला गया।

# अल्मोड़ा मैग्नेसाइट कर्मियों के धरने को विधायक ने दिया समर्थन

**बागेश्वर**, जिले के सबसे बड़े उद्योग अल्मोड़ा मेग्मेसाइट लिमिटेड के छः माह से बंद होने से फैक्ट्री वर्कर यूनियन ने जिलाधिकारी कार्यालय में धरना दिया। ।कंपनी कर्मियों के धरने के बाद स्थानीय विधायक पार्वती दास भी। कंपनी कर्मियों को समर्थन देने धरना स्थल पहुँची ।जहां उन्होंने फैक्ट्री वर्कर यूनियन पदाधिकारियों से वार्ता की ।और मैग्नेसाइट खोलने को लेकर सरकार द्वारा भी न्यायालय से जल्द फैक्ट्री खोलने को लेकर प्रयास करने की बात कही ।वही जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे से मुलाकात कर अल्मोड़ा मैग्नेसाइट के एमडी से मामले की जानकरी ली ।वही डीएम और विधायक ने सभी कर्मियों को जल्द फैक्ट्री खोलने के लिए प्रयास करने की बात कही।

# सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने साइबर क्राइम और साइबर सेफ्टी पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़।** जनपद के पिलखुवा के सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस के तत्वावधान में साइबर क्राइम और साइबर सेफ्टी विषय पर एक सार्थक एवं जानकारीपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सिम्स ऑडिटोरियम, हापुड़ में सफलतापूर्वक किया।थीम साइबर जागृत भारत के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल सुरक्षा, जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार तथा स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक संस्थानों में व्यक्तिगत और संस्थागत डेटा की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कार्यक्रम का आयोजन (डॉ.) आर. मनोहारी, प्राचार्य, सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग, के मार्गदर्शन में किया गया। केतन शर्मा, उप-प्राचार्य एवं सह-संयोजक रहे।कार्यक्रम में नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कोर्स के विद्यार्थियों, फैकल्टी सदस्यों और वरिष्ठ प्रशासकों ने भाग लिया, जिससे भविष्य के स्वास्थ्य पेशेवरों में साइबर जागरूकता को प्रोत्साहित करने की संस्थान की प्रतिबद्धता दोहराई गई।कार्यक्रम की शुरूआत (डॉ.) आर. मनोहारी, प्राचार्य, सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग द्वारा स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ते साइबर सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।आज के स्वास्थ्य क्षेत्र में डिजिटल साक्षरता और साइबर जागरूकता उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी चिकित्सा संबंधी जानकारी। ऐसी जागरूकता एक सुरक्षित और सशक्त शैक्षणिक वातावरण के लिए आवश्यक है। आर. दत्त, निदेशक (प्रशासन), सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज,विशेषज्ञ सत्र साइबर जागरूकता कार्यक्रम में विशेष रूप से सुश्री शालिनी यादव, उपनिरीक्षक, यूपी पुलिस साइबर सेल, हापुड़ तथा श्री दीपक कुमार, हेड कॉन्स्टेबल, साइबर सेल, हापुड़ ने अत्यंत उपयोगी और जानकारीपूर्ण सत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने साइबर अपराधों के वास्तविक उदाहरण साझा किए, कानूनी पहलुओं पर चर्चा की, और प्रतिभागियों को ऑनलाइन खतरों की पहचान, रिपोर्टिंग एवं रोकथाम के उपाय बताए।सत्र में साइबर बुलिंग,पहचान की चोरी,ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, फिशिंग, और डेटा सुरक्षा जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग एवं राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया पर भी जानकारी दी गई।

## बड़े भाई का पता लगाने के लिए छोटे भाई ने डीएम को भेजा ज्ञापन

**गरुड़।** छोटे भाई ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर बड़े भाई का पता लगाने की मांग की है। जिलाधिकारी को भेजे ज्ञापन में कौलाग निवासी भूपाल सिंह दोसाद ने कहा है कि उनके बड़े भाई नंदन सिंह दोसाद पंद्रह सालों से स्कार्पियों कंपनी में तैनात हैं। उनका बीते 11 दिनों से उनके परिवार से कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा है कि उनके बड़े भाई मर्चेंट नेवी में कार्यरत हैं। इन दिनों वे साउथ अफ्रीका में थे। इस माह 16 अक्टूबर से उनसे कोई संपर्क नहीं हो पाया है। उनके परिवार को 16 अक्टूबर को स्कॉर्पियो कंपनी से जानकारी मिली कि शिप में चढ़ने के दौरान छोटी बोट लहरों में पलट गई। जिससे उनके बड़े भाई व अन्य लोग लापता हो गए। उनके द्वारा कंपनी में संपर्क किया जा रहा है, तो कंपनी द्वारा रेस्क्यू अभियान चलाने की बात की जा रही है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में धान खरीद से संबंधित कार्यशाला का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में जनपद में धान की खरीद से संबंधित कार्यशाला का कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजन हुआ। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक)/जिला खरीद अधिकारी चंद्रेश कुमार सिंह उपस्थित रहे।

बैठक में जिला खाद्य विपणन अधिकारी कमलेश सिंह ने अवगत कराया कि जनपद में शासन द्वारा धान खरीद का लक्ष्य 40000 मी0टन0 निर्धारित किया गया है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य (कामन धान 2369 रू० प्रति कु० एवं ग्रेड ए 2389 रू० प्रति कु०) निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में धान की खरीद 01 नवम्बर 2025 से दिनांक 28 फरवरी 2026 तक चलेगी। क्रय केन्द्र प्रातः 9:00 से सायं 5:00 बजे तक खुले रहेंगे। जनपद में कुल 40 क्रय केन्द्रों का अनुमोदन किया जा चुका है जिसमें से खाद्य विभाग के 20, पी०सी०एफ० के 15, पी०सी०यू० के 03. मण्डी समिति के 01 एवं भा०खा०नि० के 01 क्रय केन्द्रों को अनुमोदित किया गया है। धान की खरीद तथा किसानों का धान सुविधाजनक तरीके से क्रय केन्द्र पर खरीदा जा सके इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी समस्त क्रय संस्थाओं के जिला स्तरीय अधिकारियों तथा धान क्रय केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा समस्त एजेन्सियों के जिला प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि केन्द्रों पर धान खरीद से सम्बन्धित समस्त व्यवस्था पूर्ण कराते हुये अपने क्रय केन्द्र प्रभारियों की उपस्थिति, (सुबह 9:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक) सुनिश्चित करें। प्रत्येक क्रय केन्द्र पर अनिवार्यरूप से बांट माप विभाग से सत्यापित कांटे, नमी मापक यंत्र, कांटा, छलना तथा बोरों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी किसानों का भुगतान पी०एफ०एम०एस० के माध्यम से किया जाना है। अतः समस्त क्रय केन्द्र प्रभारी डी०एस०सी० बनवा लें जिससे की किसानो के भुगतान में कोई समस्या न हों।जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि धान खरीद वर्ष 2025-26 में जनपद में धान विक्रय हेतु अभी तक 1200 कृषकों द्वारा खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराया गया है. जिसमें से मात्र 168 किसानो का सत्यापन हुआ है। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों/ तहसीलदारों / लेखपालों को निर्देशित किया गया कि ऑनलाइन पंजीकरण कराने वाले किसानों का सत्यापन तीव्रगति से किया जाये। जिससे कृषकों को धान विक्रय में किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हों।

## सार संक्षेप

### डा० रईस अहमद उस्मानी को अदब नवाज समाजी खादिम अवार्ड से सम्मानित



**वेलकम इंडिया/मोहम्मद असलम**

**लखीमपुर खीरी।** बज्मे सागर हरम की ओर से आयोजित आल इंडिया मुशायरे में मोहतरम हाजी डा० रईस अहमद उस्मानी को उनके उत्कृष्ट सामाजिक एवं अदबी सेवाओं के लिए ₹अदब नवाज समाजी खादिम अवार्ड₹ से सम्मानित किया गया। यह सम्मान डा० मोहम्मद शफी सीतापुरी के मजमुए कलाम ₹शबनम से धुले फूल₹ की रस्म-ए-इजरा के मौके पर प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कई नामचीन शायरों व अदबी हस्तियों ने शिरकत की और डा० उस्मानी के सामाजिक योगदान की सराहना की। डा० रईस अहमद उस्मानी को यह अवार्ड अदब और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके निरंतर योगदान के लिए दिया गया।

### हत्या के प्रयास में फरार चल रहे पिता-पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**वेलकम इंडिया संदीप तिवारी**

**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को मोगलावीर गांव से हत्या के प्रयास में फरार चल रहे पिता और पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि बीते मंगलवार को मोगलावीर में आरोपियों द्वारा प्रभुनाथ पटेल का जमीनी विवाद को लेकर बाउंड्री गिराया जा रहा था उसी समय जब प्रभुनाथ के परिवार के लोग मना करने गए तो विपक्षीयगण फावड़ा व लाठी-डंडा लेकर सभी पर हमला कर दिये थे जिसमें चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए थे।मिजार्मुराद पुलिस ने वृद्ध प्रभुनाथ के पुत्र संजीव कुमार के तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास, बलवा समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के तलाश में लगी थी जिसपर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी पन्ना लाल उसके पुत्र गौतम पटेल को गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करने के बाद जेल भेज दी।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी के साथ एसआई संदीप सिंह, एसआई महेंद्र सरोज, कौशल किशोर व कांस्टेबल सतेंद्र कुमार रहे।

### चिकित्सा क्षेत्र में उपमुख्यमंत्री ने डॉ डीए खान को किया सम्मानित

**संतकबीरनगर।** चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए डॉक्टर डी ए खान को सम्मानित किया गया यह सम्मान बुधवार को गोरखपुर में आयोजित एक भव्य समारोह में आभार समर्पण सम्मान से सम्मानित किया गया यह सम्मान उन्हें उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया यह गरिमा पूर्ण सम्मान समारोह गोरखपुर में होटल रेडिशन ब्लू में आयोजित किया गया प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला के तत्वाधान में आयोजित किया गया इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को पहचाना और उन्हें सम्मानित करना था उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने डॉक्टर डी ए खान के द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में समर्पण की सराहना की और सम्मान स्वरूप में प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया बताते चले की इससे पहले भी डॉक्टर डी ए खान जिला स्तर प्रदेश स्तर और अंतरराष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित हो चुके हैं इस सम्मान से सम्मानित होने के बाद क्षेत्र में एक खुशी का माहौल है डॉक्टर डी ए खान के पिता भी एक वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक और उनके बाबा स्वर्गीय फरासत अली खान जो की डुमरी वैदिक इंटर कॉलेज में इंग्लिश के प्रवक्ता पद पर आसीन थे यह सम्मान गोरखपुर और बस्ती मंडल में के 31 डॉक्टर को दिया गया जिनका कार्य सराहनी था।

# 4 कोसी परिक्रमा में श्री कृष्णा आरटीएस कॉलेज ऑफ फामेर्सी द्वारा लगाया गया स्वास्थ्य केंद्र

- विधायक रामचंद्र यादव ने परिक्रमा में आए श्रद्धालुओं को वितरित की दवाइयाँ

**वेलकम इंडिया फतेह खान**



**अयोध्या।** 14 कोसी परिक्रमा के अवसर पर नरौली स्थित श्री कृष्णा आर.टी.एस. कॉलेज ऑफ फामेर्सी की ओर से आर वी एस लॉन के सामने एक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किया गया। इस केंद्र के माध्यम से परिक्रमा में शामिल श्रद्धालुओं को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श व आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध कराई गईं।

कार्यक्रम में रूदौली विधायक रामचंद्र यादव ने पहुँचकर श्रद्धालुओं से भेंट की और उन्हें दवाइयाँ वितरित कीं। विधायक ने परिक्रमा में शामिल लोगों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि परिक्रमा अयोध्या की सांस्कृतिक और धार्मिक परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन की इस जनसेवा पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सेवा भावना को मजबूत करते हैं।

कॉलेज की टीम में मौजूद डॉक्टरों व फार्मासिस्टों ने दिनभर परिक्रमा में आए भक्तों को स्वास्थ्य जांच और प्राथमिक उपचार की सुविधा दी। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्वास्थ्य केंद्र का लाभ उठाया।

## एक युवक को कई युवकों ने बेहरमी से पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**बुलंदशहर।** अहार क्षेत्र के गांव मौहरसा में चार पांच युवकों ने एक युवक को लात घूसों और डंडों से मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने कराई रिपोर्ट दर्ज। गांव मौहरसा निवासी युवक योगेन्द्र लोधी पुत्र ओमप्रकाश सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि दोपहर के समय गांव से मगदमां शिकोई मार्ग पर अपने खेत पर खड़ा हुआ था।तभी पांच छः युवक आए और बिना वजह कहासुनी करने लगे। मैंने उनका विरोध किया तो लात घूसों और डंडों से मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया।रोने चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसी खेतों पर मेरी ओर आने लगे तभी हमलावर मौका देखकर भाग गए। परिजनों को खबर लगी तो मुझे चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में चलाया जा रहा जागरूकता अभियान 2.0

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजय सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा अरविन्द शर्मा ने थाना दुधारा क्षेत्रान्तर्गत सैम पब्लिक स्कूल, सेमरियावां में नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ठउछ जागरूकता अभियान 2.0 व साइबर अपराधों से बचाव से सम्बन्धित कार्यशाला आयोजित की गयी ।

कार्यक्रम के दौरान प्रभारी निरीक्षक द्वारा नये आपराधिक कानूनों की प्रमुख विशेषताओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला । विशेष रूप से ह्यशून्य एफआईआर की अवधारणा, ए-ऋकफ, समयबद्ध न्याय, महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित प्राविधान, नये अपराध, प्रौद्योगिकी एवं फोरेंसिक विज्ञान के उपयोग से जुड़े प्राविधान तथा पीड़ित-केंद्रित प्राविधानों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया ।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा नए आपराधिक कानून, न्याय प्रणाली को अधिक पारदर्शी, त्वरित और जनसुलभ बनाने हेतु जनपद के समस्त थानाक्षेत्रों में अधिक से अधिक जागरुकता कार्यशाला व चौपाल आयोजित करने अपेक्षा की गयी, इन प्राविधानों को व्यवहारिक रूप से प्रभावी बनाकर जनपद संतकबीरनगर को कानून व्यवस्था के क्षेत्र में एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करने हेतु प्रेरित किया गया है।

# महादेवी वर्मा जनपदीय वाद- विवाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया



**वेलकम इंडिया**

**झांसी।** सूरज प्रसाद इंटर कॉलेज झांसी में महादेवी वर्मा जनपदीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय था – वर्तमान जीवन प्रणाली एवं पनपता अवसाद। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रघुराज सिंह इंटर कॉलेज, झांसी की छात्राओं ने शानदार सफलता अर्जित की। पक्ष में बोलते हुए निहारिका पाल ने प्रथम स्थान तथा दृष्टि अहिरवार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं विपक्ष में बोलते हुए उसी विद्यालय की सुहाना खान ने प्रथम स्थान और किंजल साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इन विजयी प्रतिभागियों का चयन अब मंडलीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जहाँ वे झांसी जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगी।

आयोजक मंडल एवं रघुराज सिंह इंटर कॉलेज परिवार ने सभी विजयी छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

# चरणाश्रम में धूमधाम से सम्पन्न हुआ नवम पाटोत्सव एवं अन्नकूट महोत्सव

**वेलकम इंडिया डॉ. गोपाल चतुर्वेदी**



**वृन्दावन।** परिक्रमा मार्ग/वंशीवट क्षेत्र स्थित चरणाश्रम (पंचायती महानिवार्णी अखाड़ा) में पूज्य हनुमानजी वाले बाबा की सद्प्रेरणा से द्विदिवसीय नवम पाटोत्सव और अन्नकूट महोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।जिसके अंतर्गत गोपाष्टमी के पावन उपलक्ष्य में प्रातः काल वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य संतों व भक्तों के द्वारा गौमाता का पूजन-अर्चन किया गया।इससे पूर्व चरणाश्रम एके संस्थापक महामंडलेश्वर डॉ. सत्यानंद सरस्वती महाराज ₹अधिकारी गुरुजी₹ के सानिध्य में श्रीहरिनाम संकीर्तन के मध्य श्रीयमुना महारानी का चुनरी मनोरथ किया गया।

इस अवसर पर आयोजित संत-विद्वत सम्मेलन में श्रीपीपाद्वाराचार्य जगद्गुरु बाबा बलरामदास देवाचार्य महाराज एवं धीर समीर कुंज के श्रीमहन्त मदन मोहन दास महाराज ने कहा कि गौमाता में चौबीस कोटि देवी- देवता निवास करते हैं।गौ माता का पूजन करने से उनकी कृपा हम पर बरसती है।इसीलिए हम सभी को पूर्ण समर्पण के साथ गौ माता की सेवा करनी चाहिए। महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. इन्द्रदेवेश्वरानंद सरस्वती महाराज एवं पुराणाचार्य डॉ. मनोज मोहन शास्त्री ने कहा कि वर्तमान में भारतीय वैदिक सनातन धर्म पर चहुंओर से कुठाराघात हो रहा है। यदि इसे तत्काल न रोका गया तो, वह दिन दूर नहीं जब पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और कश्मीर की तरह समूचे भारत से सनातन धर्म विलुप्त हो जाएगा। प्रख्यात साहित्यकार ₹यूपी रत्न₹ डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं धर्मरत्न स्वामी बलरामाचार्य महाराज ने कहा कि प्राचीन भारतीय वैदिक सनातन संस्कृति में गौ को सर्वपूज्य माना गया है।गौमाता का दूध अमृत तुल्य है। इसीलिए हम भारत सरकार से यह मांग करते हैं, कि वो गौहत्या बन्द कर उसे शीघ्रातिशीघ्र राष्ट्र माता घोषित करे। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. आदित्यानंद गिरि महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी नवल गिरि महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी राधाप्रसाद देव महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी चित्तप्रकाशानंद महाराज, आचार्य नेत्रपाल शास्त्री, पूर्व प्राचार्य डॉ. रामसुदर्शन मिश्र, सन्त अतुलकृष्ण दास महाराज, डॉ. रमेश चंद्राचार्य विधिशास्त्री महाराज, बाबा कर्मयोगी महाराज, महन्त हरिशंकर नागा, महन्त मोहिनी शरण महाराज, क्रान्तिकारी सन्त स्वामी सत्यमित्रानंद महाराज, पण्डित सौरभ गौड़, स्वामी हरिकृष्णानंद महाराज (कैलिफोर्निया, अमेरिका), पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ, पण्डित दिनेश शर्मा (फलाहारी), महन्त दशरथ दास महाराज, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, बालशुक पुंडरीक कृष्ण शास्त्री, आचार्य रमाकांत शास्त्री, पंडित हरिप्रसाद द्विवेदी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।संचालन आचार्य डॉ. रामविलास चतुर्वेदी महाराज ने किया।

# भाजपा जिलाध्यक्ष व एमएलसी ने वाराणसी बार्डर पर गुरु गोविंद सिंह चरण पादुका का किये स्वागत

**संदीप तिवारी / वेलकम इंडिया**



**मिजार्मुराद कछवारोड़।** वाराणसी भदोही बार्डर पर गुड़िया गांव के सामने हाइवे पर गुरुवार की दोपहर में सिखों के दसवें गुरु गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह साहिब जी महाराज और खालसा की माता साहिब कौर जी के पवित्र जोड़ा साहिब (चरण पादुका) की गुरु चरण 'चरण सुहावे' यात्रा का भाजपा जिलाध्यक्ष/एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा व भाजपा एमएलसी धर्मेन्द्र राय के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष व एमएलसी समेत भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत करने के बाद पवित्र जोड़ा साहिब के दर्शन किये।दिल्ली के गुरुद्वारा मोतीबाग से शुरू हुई ऐतिहासिक गुरु चरण यात्रा गुरुवार की दोपहर में वाराणसी में प्रवेश किया। इस दौरान जिला महामंत्री प्रवीण सिंह गौतम, पूर्व राष्ट्रीय मंत्री किसान मोर्चा अजय सिंह 'मुन्ना', सेवापुरी मंडल अध्यक्ष अभिषेक दूबे, कालिका धाम मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह, मंडल उपाध्यक्ष व प्रधान सुनील कुमार बिन्द, पूर्व मंडल अध्यक्ष यतीश तिवारी, दिलीप सिंह 'दीपू', दीपक सिंह, ऋषि सिंह, प्रेम नारायण पटेल, दिनेश तिवारी, रमेश सिंह, डिम्पल सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधिका फाउंडेशन ने आंवला नवमी पर शुरू किया हरियाली और आस्था का अभियान आंवला और तुलसी का रोपण एवं पूजन



**वेलकम इंडिया**

**वाराणसी मिजार्मुराद।** कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष पर आंवला नवमी अक्षय नवमी के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और धार्मिक आस्था का अद्वैत मेल दिखाते हुए आंवला और तुलसी के पौधे लगाए और उनकी विधि विधान से पूजा की संस्था के सदस्यों ने बताया कि शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाए जाने वाले इस पर्व पर आंवला वृक्ष में भगवान विष्णु का वास माना जाता है इसकी महत्ता को ध्यान में रखते हुए फाउंडेशन ने पौधा रोपण कर लोगों को प्रकृति के महत्व और धार्मिक परंपराओं के प्रति जागरूक किया। सभी सदस्यों ने सुख समृद्धि और पर्यावरण की रक्षा की कामना की और तुलसी व आंवला के औषधीय गुना से अवगत कराया।इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव सुनील कुमार एवं उपसचिव आशा सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष वंदना शुक्ला, उपाध्यक्ष नीरा पटेल, राष्ट्रीय संरक्षक कमलेश सिंह, कोषाध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला, मैनेजमेंट शिखा वर्मा, योग सलाहकार पूनम सिंह, प्रदेश अध्यक्ष रीता पटेल, जिला अध्यक्ष नेहा पांडे, जिला उपाध्यक्ष कुसुम, मीडिया प्रभारी नेहा राय, सीता मिश्रा, रीमा सोनकर, कृष्णा दुबे आदि उपस्थित रहे।

# भाकियू (टिकैत) ग्राम कनिया में बिना वार्ता अंडरपास निर्माण के विरोध मे धरना प्रदर्शन

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़।** जनपद के ग्राम कनिया से बाबूगढ़ थाने होते हुए किठौर मार्ग तक जाने वाले मुख्य मार्ग पर प्रशासन द्वारा ग्रामीणों से बिना किसी वार्ता के अंडरपास निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया। इस एकतरफा निर्णय से नाराज ग्रामीणों और किसानों ने विरोध दर्ज कराया। जिसको लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के युवा जिला उपाध्यक्ष मनिंदर मसंद के नेतृत्व में ग्रामीणों ने आपातकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया, जो लगभग चार घंटे तक चला धरना प्रदर्शन शाम के समय धरना स्थल पर पहुंचे एकलव्य सिंह सहारा ने प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता की, जिसके बाद धरना अस्थायी रूप से स्थगित किया गया।

एकलव्य सिंह सहारा ने कहा यदि यह अंडरपास ग्रामीणों की सुविधा के लिए बनाया जा रहा है, तो पहले ग्रामीणों की सहमति अनिवार्य है। यदि गांव के लोग नहीं चाहते। तो यह निर्माण नहीं होना चाहिए। पूरा जिला गढ़ मेले में व्यस्त है, इसलिए कोई ठेकेदार या अधिकारी तनाव की स्थिति ना बनाए, जिससे किसान मेले को छोड़कर धरने के लिए मजबूर हो। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि गांव के प्रधानों और ग्रामीणों के साथ बैठक कर सहमति प्राप्त की जाए, तभी निर्माण कार्य पुनः शुरू किया जाए। यह मार्ग किसानों की गन्ना ढुलाई का मुख्य रास्ता है, जो ग्राम कनिया, बिगास, मलखपुर, मतनौरा, अटूता, औरंगाबाद, छतनौरा सहित कई गांवों को जोड़ता है। वार्ता के दौरान रेलवे इंस्पेक्टर राकेश यादव, थाना अध्यक्ष बाबूगढ़ मुनीष प्रताप सिंह तथा रेलवे इंजीनियर मौजूद रहे। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि उनकी सहमति के बिना कोई भी निर्माण कार्य स्वीकार्य नहीं होगा।

इस अवसर पर संदीप सिद्धू, योगेंद्र सिद्धू, सुरेंद्र चौधरी, धीरेंद्र चौधरी, माहौर सिंह, शेखर चौधरी, जिशान चौधरी, पपेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

## रियल एस्टेट कंपनी पर करोड़ों का फजीवर्ड़ा, 12 साल में न प्लॉट दिया, न पैसे लौटाए

**बरेली।** राजधानी लखनऊ की नामचीन रियल एस्टेट कंपनी रोहतास प्रोजेक्ट्स लिमिटेड पर एक और धोखाधड़ी का गंभीर मामला सामने आया है। बरेली निवासी अखिलेश चंद्र सक्सेना ने कंपनी के खिलाफ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली अनुराग आर्य को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि कंपनी ने उनसे 12 साल पहले पैसे लेकर प्लॉट तो दिया नहीं, उल्टा अब दफ्तर ही बंद कर लिया। पीड़ित ने कंपनी और इसके प्रतिनिधि नितिन भाटिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। दरअसल अखिलेश सक्सेना पुत्र कौशल किशोर सक्सेना, निवासी निकट रिजर्व पुलिस लाइन गेस्ट हाउस, सिविल लाइन, बरेली ने बताया है कि उन्होंने वर्ष 2013 में गैसर्स रोहतास प्रोजेक्ट्स लिमिटेड, 27/18 राजा राम मोहन राय मार्ग, लखनऊ की सुल्तानपुर रोड स्थित आवासीय योजना में 150 वर्ग गज का प्लॉट बुक कराया था। इसके लिए उन्होंने 8.59.000 रुपये चेक के माध्यम से फरवरी 2013 में कंपनी को भुगतान किया था।

# अवादा ग्रुप की सिंदूर मित्तल ने जीता रजत पदक

**वेलकम इंडिया**



**मिजार्मुराद ।** अवादा ग्रुप की वाइस चेयरपर्सन (उपाध्यक्ष) सिंदूर मित्तल ने फ्लोरिडा, अमेरिका में आयोजित पिकल बॉल वर्ल्ड कप 2025 में भारत का परचम लहराते हुए रजत पदक जीता है।उन्होंने यह ऐतिहासिक जीत महिला ओपन डबल्स 5.0 श्रेणी में अपनी जोड़ीदार रक्षिका रवि के साथ साझेदारी में हासिल की।

दुनिया भर के दिग्गज खिलाड़ियों के बीच इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में सिंदूर मित्तल और रक्षिका रवि की जोड़ी ने असाधारण खेल का प्रदर्शन किया।इस शानदार साझेदारी और जीत ने पिकल बॉल के अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर भारत की स्थिति को मजबूती से स्थापित कर दिया है।इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बात करते हुए सिंदूर मित्तल ने बताया कि पिकल बॉल एक ऐसा खेल है जो फुर्ती, रणनीति, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क को महत्व देता है।यह सब वह गुण हैं जो अवादा में हमारी कॉर्पोरेट कार्यप्रणाली का भी एक अभिन्न हिस्सा हैं।पिकल बॉल जैसे उभरते खेल में वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना और देश के लिए पदक घर लाना एक अविश्वसनीय और गर्व का अनुभव है।पिकल बॉल वर्ल्ड कप 2025 ने दुनिया भर के प्रमुख खिलाड़ियों को एक मंच पर एकत्रित किया।यह आयोजन इस खेल की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता और विश्व पटल पर भारत की बढ़ती उपस्थिति का स्पष्ट प्रमाण है।सिंदूर मित्तल के इस उपलब्धि पर गुरुवार को आदर्श गांव जयापुर व नागेपुर में अवादा फाउंडेशन सेंटर पर बधाई कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चो को उनके उपलब्धि के बारे में बताया गया।

## सार संक्षेप

### खाद्य विभाग ने लिया किशमिश का नमूना,जांच के लिए भेजा



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**ककरहवा/सिद्धार्थनगर।** मोहाना थाना क्षेत्र के ककरहवा बाजार में शिकायत पर बृहस्पतिवार की दोपहर सहायक खाद्य आयुक्त आरएल यादव के नेतृत्व में टीम ने सोनू किराना स्टोर ककरहवा की जांच की। एक पैकेट किशमिश का नमूना लिया, जिसे जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मोहाना थाना क्षेत्र के झंगटी निवासी विनोद मणि त्रिपाठी ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देते हुए आरोप लगाया था कि ककरहवा कस्बा स्थित सोनू किराना स्टोर की दुकान से किशमिश खरीदने पर बंद पैकेट के अंदर कंकड़-पत्थर निकला है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने खाद्य सुरक्षा विभाग को जांच के लिए निर्देशित किया था।सहायक खाद्य आयुक्त आरएल यादव ने बताया कि बंद पैकेट किशमिश का नमूना लिया गया है। इसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जायेगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जांच टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेंद्र प्रताप सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी जयप्रकाश, रंजन श्रीवास्तव, नीरज चौधरी मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर से गिरकर मजदूर की मौत, ईंट पहुंचाकर लौटते समय सिरसिया गांव मे हुआ हादसा

**वेलकम इण्डिया /असदुल्लाह सिद्दीकी**

**भवानीगंज/सिद्धार्थनगर।** थाना क्षेत्र भवानीगंज के सिरसिया गांव में मंगलवार रात एक मजदूर की ट्रैक्टर से गिरकर मौत हो गई। यह हादसा बीते 29 अक्टूबर रात करीब 9:30 बजे हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुलिस को डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली कि सिरसिया गांव में एक व्यक्ति ट्रैक्टर से गिरकर घायल हो गया है। ट्रैक्टर चालक उसे स्थानीय निजी चिकित्सक के पास ले गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान काले के रूप में हुई है, जो कसमरिया थाना सिंदुरिया जनपद महराजगंज का निवासी था। वह भवानीगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत बढ़नी चाफा स्थित एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। घटना के समय वह ईंट की आपूर्ति करने ग्राम भड़रिया गया हुआ था। वापसी के दौरान वह ट्रैक्टर से गिर गया, जिससे उसे गम्भीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। भवानीगंज थानाध्यक्ष चन्द्रकान्त पाण्डेय ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। फिलहाल इस मामले में कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

### आकस्मिक परिस्थिति से निपटने के लिए घाटों पर तैनात की मोटर बोटें



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** जनपद के गढ़ गंगा मेले में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जिला अधिकारी अभिषेक पांडेय के आदेश अनुसार घाटों पर मोटर बोटें तैनात की गई हैं, ताकि किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य किया जा सके। सुरक्षा कर्मियों को सतर्क एवं घाटों पर भीड़ नियंत्रण के निर्देश दिए गए कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कोई जूक नहीं होनी चाहिए। समय-समय पर मोटर बोटें में तैनात कर्मियों को नियमित रूप से घाटों पर स्नान कर रहे श्रद्धालुओं पर पहनी नजर बनाए रखें जिससे कोई अनहोनी ना हो।

# पोखरे के पास नवजात शिशु का शव मिलने से फैली सनसनी

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**बांसी/सिद्धार्थनगर।** बांसी थाना क्षेत्र के एक गांव के पूरब सूखे पोखरे के पास बुधवार की रात पॉलिथीन में नवजात शिशु का शव मिलने से सनसनी फैल गई।

सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने बृहस्पतिवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नवजात की मां विधवा है और उसने प्रेमी पर बच्चे की हत्या करने का आरोप लगाया है। उसने शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि विधवा होने के बाद से वह पांच वर्षों से अपने मायके में रह रही है। उसका गांव निवासी एक युवक से प्रेम संबंध हो गया था और वह 18 माह से शादी का झांसा देकर उसका यौन शोषण कर रहा था। लगभग आठ महीने पहले जब वह गर्भवती हुई तो उसने शादी का दबाव बनाया। पर वह बार-बार बहाना बनाकर टालता रहा। 23 अक्तूबर को उसने पुत्र को जन्म दिया। उसी दिन उसके प्रेमी ने बताया कि बच्चा बीमार है तथा उसको कुछ दिनों के लिए अस्पताल के जार में रखना पड़ेगा।

आरोप है कि वह बच्चे को लेकर चला गया और उसे मारकर पॉलिथीन में भरकर गांव के पूरब पांच सौ मीटर दूर सूखे तालाब में फेंक दिया। इसके बाद जब वह बच्चे के बारे में पूछती तो बच्चा अस्पताल में है कहकर टालता रहा। बुधवार की रात गांव वालों ने उसे सूचना दी कि एक नवजात बच्चे का शव गांव के पूरब पॉलिथीन में पड़ा है। वहां जाकर देखा तो उसका ही बेटा था। इसके बाद उसने डायल 112 नंबर पर फोन कर पीआरवी को सूचना। महिला ने अपने प्रेमी और बच्चे की हत्या में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## तीन दिवसीय जागरूकता अभियान 2.0 का हुआ शुभारंभ

# मिशन शक्ति फेज 5 .0 और नए कानूनों पर छात्राओं व लोगों को किया गया जागरूक

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** जनपद हापुड़ के बाबूगढ़ छावनी क्षेत्र में स्थित श्री नेहरू भारती सदन इंटर कॉलेज और कस्तूरबा गांधी गर्ल्स हॉस्टल में दिनांक 30 अक्टूबर 2025 को तीन दिवसीय जागरूकता अभियान 2.0 का शुभारंभ हुआ। यह विशेष अभियान 30 अक्टूबर से 1 नवम्बर 2025 तक चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य महिलाओं, छात्राओं और आम नागरिकों में मिशन शक्ति फेज 5.0 एवं नए कानूनों से संबंधित जानकारी का प्रसार करना है।अभियान के पहले दिन बाबूगढ़ प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप सिंह म0 उ0 नि0 आईशा सिंह उ0 नि0 नीरज कपिल व अन्य आरक्षी/मुख्य आरक्षी विभाग की एक टीम ने विद्यालय पहुंचकर छात्राओं और शिक्षकों को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, कानूनी अधिकारों और आत्मरक्षा के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। पुलिसकर्मियों ने फोटो, पंपलेट, पोस्टर और ब्रोशर के माध्यम से लोगों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार किया।

कार्यक्रम का माहौल उत्साह और जागरूकता से भरा हुआ था। छात्राओं के साथ-साथ विद्यालय स्टाफ, अभिभावक और स्थानीय नागरिकों ने भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कई अभिभावकों ने कहा कि ऐसी पहल से बेटियों में आत्मविश्वास बढ़ता है और समाज में सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता का वातावरण बनता है।पुलिस टीम ने छात्राओं को बताया कि मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। साथ ही नए कानूनों में किए गए संशोधनों और महिला सुरक्षा से जुड़े प्रावधानों की जानकारी भी दी गई।अभियान के दौरान छात्राओं में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें नुक्कड़ नाटक, निबंध लेखन प्रतियोगिता, वाद-विवाद (डिबेट) प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, और चित्रकला प्रतियोगिता शामिल थीं।

# पत्नी ने पेट्रोल डालकर पति को जिन्दा जलाया , हालत नाजुक

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर।** जनपद के थाना क्षेत्र डुमरियागंज के कुड़ी गांव में बुधवार देर रात एक व्यक्ति को आग लगाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि उसकी पत्नी ही ने उसे जलाया था। गम्भीर रूप से झुलसे व्यक्ति को गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कुड़ी गांव निवासी सवारे नामक व्यक्ति बुधवार देर रात आग की चपेट में आकर गम्भीर रूप से झुलस गया।

परिजनों और ग्रामीणों ने आग की आवाजें सुनकर मौके पर पहुंचकर आग बुझाई और उसे तुरन्त अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में इलाज के दौरान घायल सवारे ने बयान दिया कि उसकी पत्नी ने ही उस पर पेट्रोल डालकर आग लगाई थी। ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि पत्नी ने यह कदम अपने एक कथित प्रेमी के कहने पर उठाया। पुलिस ने इस पहलू पर भी जांच शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची।

क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश वर्मा ने बताया कि मामला गम्भीर है और इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक इस सम्बन्ध में कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, लेकिन पुलिस पूरे मामले की पड़ताल में जुटी है। गोरखपुर मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने बताया कि घायल की हालत बेहद नाजुक है और उसके शरीर का बड़ा हिस्सा जल चुका है। डॉक्टरों की टीम लगातार उसकी स्थिति पर नजर रखे हुए है।

पुलिस ने बताया कि पीड़ित के बयान और परिजनों से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। घटना के बाद से आरोपी पत्नी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

# व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक में शोहरतगढ़ के मुद्दों पर की बात, सौंपा पत्र

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर के कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक बुलाई गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने की। बैठक कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद में उद्योग लगाने एवं इसके स्थापना को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा हुआ और बैठक में प्रमुख मुद्दा बना रहा।

मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने कहा कि तहसील के सभी उप जिलाधिकारी कार्यालय से भूमि की उपलब्धता को लेकर उसकी सूची मंगा ली जायें, यदि भूमि उपलब्ध नहीं है, तो किसानों से नियमानुसार मुआवजा देकर भूमि अर्जित कर उद्योग स्थापना में सहयोग किया जा सकता है। सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल ने बैठक में जनपद में उद्योग की स्थापना समेत जीएसटी विषय पर खुलकर बात की और कहा कि शत्रु संपत्ति आदि के छोटे-छोटे भू-भागों पर उद्योगों की स्थापना नहीं हो सकती है।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि शासन स्तर पर भूमि उपलब्ध नहीं होता है, तो उद्योग बंधु समिति के पदाधिकारियों को कास्तकारों से सर्किल रेट के नियमों के अनुसार भूमि उपलब्ध कराकर उद्योग को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि जनपद उद्योग स्थापना के क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित कर सके। साथ ही उन्होंने अभी कहा कि जीएसटी विभाग के अधिकारियों की लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना रवैये के चलते व्यापारी वर्ग परेशान है। उन्होंने बासी एवं बिस्कोहर के व्यापारी का हवाला दिया। शोहरतगढ़ में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के वरिष्ठ महामंत्री मनोज कुमार गुप्ता ने शोहरतगढ़ बाजार के अन्दर खुले में बिक रहे मांस-मछली की दुकान को हटवाने, विद्युत के जर्जर तार बदलवाने एवं सेफ्टी जाली लगवाने की बात कही, तों वहीं बांसी में घनश्याम जायसवाल ने बांसी बाजार के अंदर खुले में बिक रहे मांस-मछली की दुकान को हटवाने सहित व्यापारी हित में कई बिन्दुओं पर ध्यान आकर्षित कराया। साथ ही उन्होंने खुनुवां बाईपास मार्ग पर स्थाई रूप से खड़े कंडम वाहन को हटाने समेत शोहरतगढ़ पुलिस पिकेट कर पास दोनों अप्रोच को सही करने की बात कही तो वही व्यापार मण्डल के कोषाध्यक्ष महेश कसौधन ने पुलिस पिकेट के आसपास सार्वजनिक मार्ग पर अवैध तरीके से किये गये अतिक्रमण को हटाने की भी बात कही। इस दौरान ईओ सचिन कुमार पटेल, अजय कसौधन, राजकमल जायसवाल, शोहरतगढ़ से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र कौशल, महामंत्री मनोज कुमार गुप्ता, राजू मद्धेशिया, रुपेश वर्मा, श्रवण पटवा, महेश गुप्ता उद्योग व्यापार संगठन के आनन्द प्रकाश कसौधन आदि मौजूद रहे।

# पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करे प्रदेश सरकार: एनयूजे इंडिया

**वेलकम इंडिया**



**प्रयागराज।** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्टस इंडिया के उतर प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र सक्सेना के नेतृत्व मे एनयूजे इंडिया के उतर प्रदेश इकाई के एक प्रतिनिधी मंडल उतर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से मिलकर बीते दिनो प्रयागराज मे पत्रकार एल एन सिंह के हत्या को लेकर ज्ञापन दिया। अपने ज्ञापन मे पत्रकार एल एन सिंह को प्रयागराज में चाकुओं से गोद का हत्या कर दी गई। पत्रकार एलएन सिंह प्रयागराज में पूरी ईमानदारी व निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे थे, परंतु कुछ अराजक तत्वों ने गुरुवार की रात चाकुओं से गोदकर उनकी निर्मम हत्या कर दी। आपको स्मरण करना है कि गत लोकसभा चुनाव के दौरान भी जौनपुर में हमारे एक पत्रकार साथी की निर्मम हत्या की गई थी। इसी प्रकार के कई अन्य गंभीर उत्पीड़न के मामले भी होते रहे हैं और उनके संबंध में हम आपको निरंतर अवगत भी कराते रहे हैं, परंतु अफसोस की बात यह है कि इस तरह की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं और अराजक तत्व दिन पर दिन बेखौफ होते जा रहे हैं। देश व प्रदेश के पत्रकार इस घटना को लेकर काफी आक्रोशित है और इस घटना पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं।

नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स लगातार पत्रकारों की सुरक्षा के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून बनाए जाने की निरंतर मांग कर रही है लेकिन हमारी इस मांग पर भी प्रदेश सरकार ने चुप्पी साध रखी है । अपनी इस मांग को आज हम पुनः इस आशा के साथ दोहरा रहे हैं कि राज्य सरकार शीघ्र ही प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू करे ताकि पत्रकारों की सुरक्षा की जा सके और वह निर्भीक होकर अपने कार्य को अंजाम दे सकें। हमारी यह भी मांग है की पत्रकार एलएन सिंह के परिवार को 10 लख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए ताकि उनके परिवार का जीवन यापन सुविधा पूर्वक हो सके। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधी मंडल मे सर्वश्री बीरेद्रं सक्सेना प्रदेश अध्यक्ष(पूर्व सूचना आयुक्त उतर प्रदेश सरकार ) राषट्रीय संगठन मंत्री प्रमोद गोस्वामी(प्रदेश ब्यूरो प्रमुख पी टी आई तथा उ प्र मान्यता प्राप्त संवाददाता समीति के पूर्व अध्यक्ष)राषट्रीय उपाध्यक्ष अजय कुमार (स्टेट हेड माया प्रेस ) प्रदेश संरक्षक सुरेद्रं दूबे(पूर्व प्रदेश ब्यूरो प्रमुख यूएनआई) प्रदेश संरक्षक के बख्श सिंह (के टी वी न्यूज चैनल सलाहकार सम्पादक)तथा प्रदेश कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारी और सदस्य थे।

# गांव की चौपाल मे पहुंचे डीएम और एसपी, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**बर्डपुर/सिद्धार्थनगर।** नौगढ़ तहसील के बर्डपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत बर्डपुर नंबर छह में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल आयोजित की गई। इसमें डीएम ने गांव की समस्या, गांव में समाधान कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों से विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। निर्देश दिए कि ग्रामीणों को सभी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसलों की क्षतिपूर्ति का भुगतान कराएं। राशन वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं होनी चाहिए। पात्र लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाएं। आयुष्मान कार्ड से पांच लाख तक का निशुल्क इलाज की सुविधा है।जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाएं। इसमें किसी भी प्रकार की हीलाहवाली करने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने ग्रामवासियों को बताया कि किसी भी प्रकार की पुलिस सहायता के लिए 112 डायल करें। सहायता के लिए सभी थानों में हेल्प डेस्क बनाई गई है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने गर्भवतियों की गोदभराई भी कराई।

# डीएम की अध्यक्षता में दो कुंडों को पुनर्जीवित करने के लिए एमओयू पर हुए हस्ताक्षर



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** मथुरा वृंदावन में यमुना जी की सफाई, दो घाटों के निकट लिविंग वाटर साइकिल बिल्डिंग बनाने और दो कुंडों को पुनर्जीवित करने के लिए बृहस्पतिवार को एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए है।

यह एमओयू जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद, नगर निगम, विकास प्राधिकरण तथा सिंचाई विभाग ने लिविंग पीस फाउंडेशन के साथ किया है। इस संदर्भ में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद सभागार में आयोजित बैठक के दौरान लिविंग पीस फाउंडेशन प्रोजेक्ट गुरुग्राम द्वारा ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सूरज पटेल, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना और विकास प्राधिकरण के सचिव आशीष कुमार सिंह की मौजूदगी में जिलाधिकारी के समक्ष यमुना जल प्रदूषण निवारण एवं प्रदूषण नियंत्रण तथा प्रचार प्रसार संबंधी प्रजेंटेशन दिया गया। परियोजना के संबंध में तकनीकी बिंदुओं पर विचार विमर्श हुआ। बैठक में बताया गय कि ₹लिविंग पीस फाउंडेशन प्रोजेक्ट, गुरुग्राम, हरियाणा₹ नामक संस्था मथुरा नगर में विश्राम घाट के पास यमुना नदी के ठोस अपशिष्ट एवं जल प्रदूषण के शैक्षिक प्रचार प्रसार के लिए ₹लिविंग साइकिल भवन₹ का निर्माण कर स्वःवित्त पोषित परियोजना पर कार्य करेगी। विश्राम घाट के साथ-साथ वृंदावन में देवराह बाबा घाट निकट लिविंग वाटर साइकिल बिल्डिंग बनाने और गोकुल में पतित पावन कुंड तथा बलदेव अंतर्गत बंदी आनंदी कुंड को पुनर्जीवित करने का काम करेगी। इसके लिए खुद ही सीएसआर फंड जुटाएगी।उक्त एमओयू के बाद परियोजना के अंतर्गत सर्वे तथा डीपीआर तैयार की जाएगी और 2026 में परियोजना पर काम शुरू कर दिया जाएगा। बैठक में एसीईओ मदन चंद्र दुबे, पर्यावरण विशेषज्ञ मुकेश शर्मा, गोकुल नगर पंचायत अध्यक्ष संजय दीक्षित, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, सिंचाई विभाग से नागेंद्र सिंह व गिरीश चौधरी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से रंजीत कुमार, जल निगम से विशाल सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## पहली पत्नी के जीवित रहते आरपीएफ जवान ने रचाई दूसरी शादी

वेलकम इंडिया/खालिद खान

**बरेली।** इज्जतनगर रेलवे स्टेशन पर तैनात आरपीएफ के एक जवान पर पत्नी के जीवित रहते दूसरी शादी करने और सरकारी दस्तावेजों में फर्जी जानकारी दर्ज कराने का सनसनीखेज आरोप लगा है। आजमगढ़ निवासी सतीश चंद्र तिवारी ने पुलिस अधीक्षक बरेली को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि जवान ने अपने सरकारी पद का दुरुपयोग करते हुए न केवल विवाह अधिनियम का उल्लंघन किया, बल्कि आधार कार्ड, वोटर आईडी और बिजली बिल जैसे इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों में भी गलत जानकारी दर्ज कराई है। जिसके बाद आरपीएफ जवान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सतीश चंद्र तिवारी के अनुसार आरोपी हरेन्द्र पाठक पुत्र रामदवर पाठक, मूल निवासी ग्राम गोवर्धनपुर थाना महराजगंज, जिला आजमगढ़ है। उसकी पहली पत्नी मुन्नी देवी अपने बच्चों के साथ आजमगढ़ में रहती है, जबकि हरेन्द्र पाठक वर्तमान में बरेली के मठ कॉलोनी, लक्ष्मीपुर थाना इज्जतनगर में दूसरी महिला गुड्डी पाठक के साथ रह रहा है।

# हर ब्रजवासी गोपालक बने

## यमुना,गाय और कुण्डों को बचाने को प्लास्टिक त्यागें



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** हर ब्रजवासी को गोपालक बनना होगा। घरों में जगह नहीं तो 20 लोग मिलकर किसी गोशाला को 100 रुपए महीने का सहयोग कर गोपालक बन सकते हैं। कुण्ड, सरोवर और यमुना को बचाने के लिए शादी समारोहों में प्लास्टिक की जगह पत्ते के दोना-पत्तल का प्रयोग करें।

यह विचार संत जयकृष्ण दास महाराज ने गोपाष्टमी के अवसर पर गोपूजन को आए भक्तों को दिया। श्री राधा मोहन गौशाला चौमुहां पर उन्होंने कहा कि गोपाष्टमी साल भर होनी चाहिए। गाय, यमुना भगवान कृष्ण को प्रिय थीं लेकिन दोनों की स्थिति चिंताजनक है। गाय भगवान को प्रिय थीं। गाय खुश रहेगी तभी भगवान खुश होंगे। गोपालन में ही ब्रज की मिट्टी, पानी एवं खाद्य की शुद्धि का मर्म छिपा है। भगवान कृष्ण हजारों वर्ष पूर्व ही यह संदेश दे गये।

गो पूजन कर अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष मीना यादव ने गोपालक कार्ड लिए। उन्होंने कहा कि महासभा समूचे प्रदेश में गोपालक बनाने के अभियान को आगे बढाएगी। जिलाध्यक्ष पूनम यादव ने कहा कि समाज के हर आस्थावान को संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने के काम में मातृशक्ति को आगे आना होगा। समाजसेवी प्रहलाद यादव ने कहा गोपालन से ही समाज निरोगी और पुष्ट होगा।

कार्यक्रम में यादव महासभा से विशिष्टा, नीतू, अंजू यादव चौमुहां से संजना, राधा,रमा, पुष्पा, राजेन्द्री,नीरज, श्रीमती, रजनी, सियाराम, धर्मवीर, कर्मयोगी, श्याम, निरोती भगत, वीरेंद्र, नरेंद्र आदि मौजूद थे। सभी ने गोपालन का संकल्प कार्ड लिया।

## शहर की पॉश कॉलोनियों में निराश्रित गौवंश एवं आवारा कुत्ते बने मुसीबत



**मथुरा।** पॉश कॉलोनियों में निराश्रित गोवंश, एवं आवारा कुत्ते निवासियों के लिए गंभीर समस्या बन गए हैं, यह कहना है भारतीय किसान यूनियन चढूनी के प्रवक्ता एवं आगरा मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर का । श्री तोमर ने बताया कि पहले यह समस्या केवल ग्रामीण या भीड़-भाड़ वाले इलाकों तक सीमित थी, लेकिन अब यह शहरी क्षेत्रों के पॉश इलाकों में भी फैल गई है। निराश्रित गोवंश, आवारा कुत्ते महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों पर हमलावर हो रहे हैं, आवारा कुत्ते बच्चों को काट लेते हैं तो दूसरी ओर स्वच्छता से जुड़ी कई समस्याएं पैदा हो रही हैं। नगर निगम की उदासीनता एवं पर्याप्त ध्यान न देने के कारण कॉलोनियों में इनकी संख्या बढ़ती ही जा रही है। आनन्दवन कॉलोनी, हाइवे सिटी, नरसी पुरम निवासी कच्छी सेठ, सूरज तोमर, राजकुमार चौधरी, संजू शर्मा, विक्रम चौधरी, पवन, राजकुमार, धर्मेंद्र, जयपाल सिंह, श्यामपाल, राहुल आदि ने आक्रोश व्यक्त किया है। तथा जिम्मेदारों से इस समस्या के स्थाई हल की मांग की है।

## वृंदावन धाम में गूँजेगा शिव नाम आज से फोगला आश्रम में पार्थिव शिवलिंग निर्माण व रुद्राभिषेक महायज्ञ का शुभारंभ

वेलकम इंडिया/सनी कुमार





**वृंदावन।** कार्तिक मास के पावन अवसर पर वृंदावन धाम आज से एक भव्य धार्मिक आयोजन का साक्षी बन रहा है। फोगला आश्रम, वृंदावन में आज से प्रारंभ होकर 2 नवम्बर 2025 तक पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक महायज्ञ का शुभ आयोजन किया जा रहा है।

यह महायज्ञ गृहस्थ संत पूज्य पं. श्री देव प्रभाकर शास्त्री ₹दद्दा जी₹ की कृपा एवं पूज्य बड़े भैया डॉ. अनिल शास्त्री जी के पावन सानिध्य में संपन्न हो रहा है। पूरे भारतवर्ष से दद्दा जी के शिष्य मंडल और श्रद्धालु बड़ी संख्या में इस आयोजन में भाग लेने के लिए वृंदावन पहुंचे हैं। तीन दिवसीय इस महायज्ञ में सैकड़ों पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कर उनका विधि-विधान से रुद्राभिषेक किया जाएगा। भक्ति और अध्यात्म से ओतप्रोत वातावरण में भक्तगण शिव आराधना, साधना और आध्यात्मिक ऊर्जा का दिव्य अनुभव करेंगे।

विदित हो कि कार्तिक मास धर्म, साधना और तपस्या का सर्वोत्तम काल माना जाता है।ऐसे शुभ समय में वृंदावन में आयोजित यह महायज्ञ श्रद्धालुओं के लिए आस्था, भक्ति और दिव्यता का अद्भुत संगम बन गया है।

# ये यूडाइस-यूडाइस क्या है?

स्वतंत्र दीप कौशिक/वेलकम इंडिया




**मथुरा/गोवर्धन।** शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोग तो इसको जानते ही होंगे, लेकिन अभिभावक और विद्यार्थियों को भी यह चीज सुनी सुनाई लगती होगी। दरअसल डिजिटाइजेशन के इस जमाने में स्कूलों और विद्यार्थियों की सभी जानकारी रखने वाले एक पोर्टल का नाम है यूडाइस। यह पोर्टल विद्यालय में कितने शौचालय हैं, कितने विद्यार्थी हैं, कितना फर्नीचर है, विद्यार्थियों की जाति, धर्म, वजन, लंबाई आदि से लेकर उनके ब्लड ग्रुप और पिछली कक्षा के प्राप्तांक से लेकर शिक्षकों तक की शैक्षणिक योग्यता का हिसाब रखता है।

टीचर, अभिभावक, विद्यार्थी, शिक्षा विभाग के कर्मचारी और विद्यालय प्रबंधकों के लिए यह नया प्रयोग बड़ी समस्या सामने खड़ा कर देता है, आधी अधूरी जानकारियों के अभाव में यह समस्या और भी बड़ी हो जाती है। आधार से इसका जुड़ना जहां सबसे बड़ी समस्या है वहीं सबसे बड़ी सुगमता भी। आधार से जुड़ा होने के कारण कोई विद्यार्थी एक समय पर दो विद्यालय में अपना दाखिला नहीं चला सकता , वहीं दूसरी ओर आधार की प्रविष्टियां एक बार पोर्टल पर आने से उनमें बदलाव नहीं हो सकता, जब तक आधार कार्ड में बदलाव न हो। इस देश में जहां हजारों घुसपैठिए अपना आधार और पासपोर्ट बनवा लेते हैं, अभिभावकों को आधार में छोटे से परिवर्तनों के लिए दर दर भटकना पड़ता है। किसी की जन्मतिथि गलत, किसी के नाम में उपनाम नहीं जुड़ा है, किसी के नाम में मात्रा की गलती है और ऐसी अन्य सैकड़ों कमियां हर विद्यालय में मिल जाएंगी। सुधार की गुंजाइश बहुत कम है क्योंकि ऊपर से थोपे हुए आदेश धरातल की सच्चाई से रूबरू नहीं, वरना हर ब्लॉक स्तर पर आधार सुधार हेतु कम से कम एक सेंटर होना चाहिए। अगर गलती से कहीं सुधार कर भी लिया तो जरूरी नहीं कि वो यूआईडी ऑथोरिटी द्वारा मान्य ही हो। फिर विद्यालय के अभिलेखों से यही सब सूचना मिलाने बैठ जाएं तो एक सत्र ही खत्म होता नजर आता है।

पोर्टल पर सुविधाएं भी काफी दी गई हैं, सबसे बड़ी बात तो यह पोर्टल सिर्फ मान्यता प्राप्त विद्यालयों के लिए ही है, अगर आप किसी विद्यालय में दाखिले के लिए जाएं तो पता करें कि विद्यालय का यूडाइस कोड है या नहीं। आप स्थानांतरण प्रमाण पत्र इत्यादि भी ऑनलाइन ही जाती कर सकते हैं और ऐसे ही ऑनलाइन विद्यार्थी को अपने विद्यालय में जोड़ सकते हैं। यूडाइस का ही एक हिस्सा है जिसका नाम है अपार आईडी, जो कि बच्चों के सभी शैक्षणिक योग्यताओं की एक रजिस्ट्री है, इसको बनाने के लिए अभिभावकों की लिखित मंजूरी जरूरी है। वैसे तो यूडाइस की शुरूआत शिक्षा सुधारों की दिशा में एक अच्छा कदम है , लेकिन शिक्षकों पर बढ़ते गैर शैक्षणिक कार्यों के बोझ के समय यह एक और भार उनके कंधे पर आ गया है।

## सीबीगंज में थाने से चंद कदम की दूरी पर दो दुकानों के ताले तोड़कर हजारों की चोरी

**बरेली।** सीबीगंज थाना क्षेत्र में थाने से चंद कदम की दूरी पर स्लीपर रोड पर चोरों ने दो दुकानों को अपना निशाना बना लिया। दुकान में रखें बीड़ी, सिगरेट, गुटके समेत हजारों रुपए के सामान पर हाथ साफ कर लिया। सुबह जब दुकानदार अपनी दुकान खोलने आए तो दुकान के ताले टूटे देखकर उनके होश उड़ गए, तुरंत ही इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण कर वापस चली गई। जानकारी के अनुसार थाना सीबीगंज क्षेत्र के खलीलपुर रोड निवासी धर्मपाल मोर्य पुत्र भूपराम मौर्य की स्लीपर रोड पर गुटका बीड़ी, सिगरेट की दुकान है। उनकी दुकान के बराबर में ही नई बस्ती पस्तोर निवासी लालता प्रसाद की भी दुकान है। धर्मपाल ने बताया कि रात को वह लोग दुकान बंद कर घर चले गए थे। इस दौरान चोरों ने उनकी दुकान के ताले तोड़कर दुकान में रखें हजारों रुपए का सामान चोरी कर लिया।

## नवागत नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने पत्रकार वार्ता में साझा किया कार्य प्राथमिकताएँ

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** नगर निगम के नवागत नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने पदभार ग्रहण करने के बाद 30 अक्टूबर गुरुवार को पत्रकार वार्ता कर अपनी कार्य प्राथमिकताएँ साझा कीं उन्होंने कहा कि शहर की स्वच्छता,सड़क मरम्मत और नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी नगर आयुक्त ने बताया कि लिगेसी वेस्ट निस्तारण के कार्य को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा वाराणसी की फ्लोटिंग पॉपुलेशन को ध्यान में रखते हुए सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा उन्होंने कहा कि नव विस्तारित वार्डों में विकास कार्य प्राथमिकता पर होंगे तथा चल रही परियोजनाओं को गति दी जाएगी साथ ही नए प्रोजेक्ट लाने की दिशा में भी प्रयास किए जाएंगे पार्किंग व्यवस्था को सुधारने और अवैध पार्किंग पर सख्ती की बात करते हुए उन्होंने कहा कि डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण को शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाएगा नगर आयुक्त ने कहा कि घाटों की सफाई और गंगा की पवित्रता को बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा उन्होंने निर्देश दिया कि नागरिकों की शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लिया जाए और अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा फोन कॉल का जवाब अवश्य दिया जाए ।नगर आयुक्त ने यह भी कहा कि क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कार्यों को तेजी से कराया जाएगा ताकि जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया प्रधानमंत्री मोदी के वोकल फॉर लोकल संदेश को अपनाने का आव्हान

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** बीएसए कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी मथुरा ए एस एम पॉलीटैक्निक में आज आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत एक युवा सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य संदेश हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी रहा।

युवा सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी एवं निरंजन सिंह धनगर जिला कोऑपरेटिव बैंक चेयरमैन, देवेन्द्र शर्मा, रामकृष्ण व कालेज प्रबंधन द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवल करके किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने युवाओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल संदेश को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा, विचार और संकल्प ही नए भारत की मजबूत नींव हैं। आज हमारा देश किसी पर निर्भर नहीं है, देश सेवा से लेकर घरेलू उत्पादक का स्वयं ही निमार्ता है और आत्मनिर्भर है। जिला कोऑपरेटिव बैंक चेयरमैन ने कहा युवा देश की शान है जिसे बढ़ चढ़कर देश की आत्मनिर्भरता में सहभागिता करनी चाहिए।

# घूसखोर मत्स्य अधिकारी को विजलेन्स टीम ने किया गिरफ्तार

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़।** क्रेडिट कार्ड की फाइल बढाने के लिए पन्द्रह हजार की घूस लेने वाले प्रतापगढ़ जिला मत्स्य अधिकारी दीपाकर को को रिश्वत प्रयागराज से पहुंची विजिलेंस टीम ने विकास भवन स्थित दफ्तर से रंगे हाथ पकड़ने के बाद गिरफ्तार कर टाग ले गयी।

मत्स्य अधिकारी के खिलाफ रायगढ़ प्रतापगढ़ के रहने वाले प्रदीप कुमार सिंह ने 24 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक उप्र सतर्कता अधिष्ठान प्रयागराज सेक्टर में शिकायत की थी। उसने बताया कि उनकी माता श्रीमती रीता को रायगढ़ ग्राम स्थित एक तालाब का मत्स्य पालन के लिए पट्टा आवंटित हुआ है। इसी पर मत्स्य पालन के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (ङउउ) बनवाने के लिए उन्होंने 17 अक्टूबर 2025 को कार्यालय में आवेदन किया है। सभी दस्तावेज भी जमा किए हैं।

क्षेत्र के निरीक्षक अधिकारी विकास कुमार दीपांकर ने आवेदक प्रदीप कुमार को बताया कि उन्हें लगभग एक लाख का किसान क्रेडिट कार्ड जारी हो सकता है। लेकिन, इससे संबंधित डीपीआर बैंक को भेजने के लिए उन्होंने 15,000 रुपये रिश्वत की मांग की। इस पर प्रदीप ने 21 अक्टूबर 2025 को मुख्यमंत्री पोर्टल (जनसुनवाई) के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई। शिकायत का गोपनीय सत्यापन होने के बाद अधिकारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ने के लिए विजलेंस टीम ने रणनीति बनाई। उप्र सतर्कता अधिष्ठान प्रयागराज ने निरीक्षक धनन्जय वर्मा के नेतृत्व में एक ट्रैप टीम गठित की। बुधवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे टीम ने विकास भवन स्थित कार्यालय से विकास कुमार दीपांकर को 15,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी के खिलाफ थाना उप्र सतर्कता अधिष्ठान प्रयागराज सेक्टर पर मुकदमा दर्ज करते हुए आगे की कार्यवाही की जी रही है। वहीं, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सतर्कता अधिष्ठान प्रयागराज सेक्टर ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई सरकारी अधिकारी/कर्मचारी रिश्वत की मांग करता है तो तत्काल उनके हेल्पलाइन नंबर 9454404859 पर संपर्क करें।

## सराफा कारोबारी को मिली जमानत, दस लाख से अधिक के जेवरात हुए थे बरामद

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** जवाहर नगर एक्सटेंशन में रहने वाली महिला के घर से लाखों के जेवरात चोरी करने के मामले में सराफा कारोबारी को बड़ी राहत मिल गई न्यायिक मजिस्ट्रेट (द्वितीय) प्रियल शर्मा की अदालत ने खोजवा, भेलूपुर निवासी सराफा कारोबारी विपिन सेठ को 25-25 हजार रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया है। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनुज यादव,आनंद तिवारी पंकज,नरेश यादव व संदीप यादव ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार जवाहर नगर एक्सटेंशन निवासी सीमा गिनोडिया ने 22 अक्टूबर 2025 को भेलूपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि 18 अक्टूबर को उसके घर में रखी उनकी आलमारी का चाभी चोरी कर लाखों के जेवर पार कर दिए गए हैं उन्होंने उनके घर काम करने वाली नौकरानी गुंजा साहनी नामक महिला पर शक जताया था इस मामले में पुलिस ने गूंजा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की विवेचना के दौरान पुलिस ने गुंजा साहनी, उसके पति आशीष साहनी व उनके निशानदेही पर सराफा कारोबारी विपिन सेठ को गिरफ्तार कर चोरी हुए करीब दस लाख रुपए से अधिक के जेवरात बरामद किए थे। पूछताछ में गुंजा ने बताया कि वह पहले सीमा के यहां काम करती थी बाद में उसे निकाल दिया गया उसे पता था कि जेवर कहां रखा जाता हैं दूसरी बार काम मांगने के बहाने पहुंची और चाभी चोरी कर पांच मिनट में ही गहने समेटकर अपने पति के साथ चली गई जिसे बाद में उसके पति ने सराफा कारोबारी विपिन सेठ को बेचा था उधर दीपावली की सफाई के दौरान दूसरी चाभी से आलमारी खोलने पर चोरी की जानकारी हुई तो मामला थाने पहुंचा था।

## ब्रांडेड 'दीपक गोल्ड टी' के नाम पर मिलावटी चाय बेचने का धंधा उजागर

**बरेली।** शहर के प्रसिद्ध ब्रांड 'दीपक गोल्ड टी' के नाम पर मिलावटी चाय बेचने का मामला सामने आया है। फर्म के पार्टनर और ब्रांड स्वामी दीपक लखोटिया ने रामपुर जिले के कैमरी कस्बे निवासी सलमान खान और उसके सहयोगियों पर फर्जी पैकिंग और धोखाधड़ी के जरिए ब्रांड की साख खराब करने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज का जांच शुरू कर दी है। दरअसल दीपक लखोटिया ने बताया है कि उनकी फर्म दीपक इंडस्ट्रीज, 76 श्यामगंज, बरेली ₹दीपक गोल्ड टी₹ नाम से उच्च्य गुणवत्ता की चाय का निर्माण और पैकिंग करती है।

# डॉ. मनोज अधाना – जनसेवा का पर्याय फिर से पंचायत राजनीति के केंद्र में

वेलकम इंडिया

**मेरठ(जाकिर तुर्क)।** जनसेवा और ईमानदार राजनीति का नाम बन चुके डॉ. मनोज अधाना एक बार फिर सुर्खियों में हैं। ज़िला पंचायत सदस्य पद के लिए संभावित प्रत्याशियों की सूची में उनका नाम तेजी से चर्चा में है। इस बार संभावना है कि वे एआईएमआईएम (अकटकट) पार्टी से चुनावी मैदान में उतर सकते हैं।

डॉ. अधाना का राजनीतिक सफर अनुकरणीय और प्रेरणादायक रहा है। तीन बार ज़िला पंचायत सदस्य पद के लिए मैदान में उतर चुके डॉ. अधाना ने तीनों बार जीत हासिल कर जनता का भरोसा जीता। अपने सौम्य स्वभाव, सरल जीवनशैली और क्षेत्र की समस्याओं के प्रति सक्रियता के चलते



वे ग्रामीण व शहरी मतदाताओं दोनों में लोकप्रिय हैं।

पहली बार उन्होंने नैशनल लोकतांत्रिक पार्टी से चुनाव लड़ा था, जहाँ उन्होंने मात्र 350 मतों के अंतर से अफजाल प्रधान को पराजित कर राजनीति में धमाकेदार प्रवेश किया। इस जीत के साथ ही क्षेत्र के लोगों ने एक नए जनसेवक का चेहरा देखा।

दूसरी बार डॉ. अधाना ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा और इस बार उनकी जीत का अंतर 3700 मतों तक पहुँचा, जिसमें उन्होंने वसीम जब्बार को पराजित किया। यह जीत बताती है कि जनता ने पार्टी से ज्यादा व्यक्ति को प्राथमिकता दी और वो व्यक्ति थे डॉ. मनोज अधाना।

तीसरा चुनाव उन्होंने बहुजन समाज पार्टी (इरढ) के टिकट पर वार्ड 29 से लड़ा और समाजवादी पार्टी के रामवीर सिंह को एक बार फिर शानदार 3500 मतों के अंतर से पराजित कर जीत दर्ज की। लगातार तीन जीतों ने यह साबित कर दिया कि डॉ. अधाना की लोकप्रियता किसी दल की सीमाओं में बंधी नहीं है।

वर्ष 2021 का चुनाव उनके जीवन का भावनात्मक दौर रहा। विवाहित बेटी के असमय निधन के कारण उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा। उस चुनाव में उनके भाई सुबोध कुमार अधाना ने प्रत्याशी के रूप में हिस्सा लिया, जिसमें अमित फौजी (ग्राम डेरियो) विजेता बने।

राजनीति से थोड़े समय के विराम के बाद अब डॉ. अधाना पहले से कहीं ज्यादा मजबूत स्थिति में हैं। जनता के बीच उनकी छवि एक शिक्षित, संवेदनशील और विकासोन्मुख नेता की है। क्षेत्र के युवाओं में उनकी अच्छी पकड़ है, वहीं बुजुर्गों में सम्मान का भाव है। लोगों का मानना है कि डॉ. मनोज अधाना ही वो चेहरा हैं जो जाति-धर्म से ऊपर उठकर सबको साथ लेकर चलते हैं।

# मोदी फाउंडेशन द्वारा संचालित विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं को गर्म वस्त्र वितरित किए गए



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** डॉ के एन मोदी फाउंडेशन द्वारा संचालित विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं को गर्म वस्त्र वितरित किए गए। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी डॉक्टर के एन मोदी फाऊंडेशन द्वारा संचालित रूकमणि मोदी महिला इंटर कॉलेज रुक्मणी प्राइमरी स्कूल महेश मार्ग प्रमिला देवी विद्यालय हरमुखपुरी गायत्री देवी जूनियर हाई स्कूल के अलावा विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं को फेडरेशन अध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर डीके मोदी वह वह अन्य स्कूल की शिक्षा कहां है ।प्रधानाचार्य द्वारा बच्चों को गर्म वस्त्र वितरित किए गए। इस अवसर पर डॉक्टर डी के मोदी ने कहा कि गरीब एवं बेसहारा बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य एवं मूलभूत सुविधाओं का ख्याल रखना फाउंडेशन के उद्देश्यों में शामिल है के तहत प्रतिवर्ष बच्चों को पुस्तकों के साथ-साथ गर्म वस्त्र भी किए जाते हैं गर्म वस्त्र वितरण के दौरान हरिओम शर्मा प्रेरणा वर्मा सपना खुराना कविता रानी बबीता रानी सुलोचना दारा सिंह आदि मौजूद रहे।

# विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 के संबंध में गतिविधियां व शेड्यूल की दी जानकारी

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 के संबंध में बैठक आहूत की।भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के क्रम में अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मोदीनगर की अध्यक्षता में समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन कर विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम से अवगत कराया गया, उपजिलाधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मोदीनगर, महोदय द्वारा समस्त प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि जनपद गाजियाबाद में अवस्थित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के कुल 3,34,765 मतदाताओं का सत्यापन किया जायेगा तथा निम्नानुसार कार्य किये जायेगें-1- बी.एल.ओ. प्रत्येक घर का दौरा करेंगे और प्रत्येक मौजूदा मतदाता को पूर्व मुद्रित विवरण के साथ गणना प्रपत्र दो प्रतियों में वितरित करेंगे तथा उन्हें भरने हेतु मतदाता को मार्गदर्शन करेंगे। प्रत्येक मतदाता को यह फार्म अपेक्षित जानकारी और स्व सत्यापित दस्तावेजों के साथ बी.एल.ओ. को प्रस्तुत करना होगा।

# बैंक से पैसे निकालने गई बुजुर्ग महिला के ठग पैसे लेकर रफू चक्कर

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर के तहसील नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम करमसखेडी की बुजुर्ग विधवा महिला अपनी पेंशन के पैसे निकाल ने नजीबाबाद गुरुद्वारा बैंक पंजाब नेशनल शाखा पर गई थी महिला बुजुर्ग जैसे पैसे निकाल कर बैंक से बाहर आई तो विधवा महिला बुजुर्ग को एक ठगने फूफी बताकर कहा फूफी ठीक है विधवा बुजुर्ग महिला ने कहा मैंने पहचाना नहीं शातिर अपराधी ने कहां पहचान नहीं रही हो विधवा बुजुर्ग महिला ने कहा मेरी पहचान में नहीं आ रहा है शातिर ठग महिला बुजुर्ग को अपने साथ ले जाने लगा और कहा के शाहरुख को पुलिस ने पकड़ लिया है और 10000 में छूटेगा फूफी बैंक से कितने पैसे निकाले हैं विधवा बुजुर्ग महिला ने कहा मैंने तो ?6000 निकले हैं शातिर ठगने कहा अभी तो 4000 की और जरूरत है फूफी तूने जो कुंडल पहन रखे हैं यह सोने के हैं क्या विधवा बुजुर्ग महिला ने मना कर दिया कहां यह तो पीतल के हैं शातिर ठग ने कहा फूफी तुम ?6000 दे दो बाकी 4000 का मैं इंतजाम करता हूं और तुम यहीं बैठ जाओ मैं शाहरुख को छुड़ाकर लेकर आता हूं विधवा बुजुर्ग महिला का रिश्तेदार शाहरुख नाम का भी है शाहरुख का नाम सुनकर विधवा बुजुर्ग महिला ठग के झांसी में आ गई विधवा बुजुर्ग महिला ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर पुलिस प्रशासन से सीसीटीवी कैमरे के आधार पर शातिर ठग को पकड़ने की गुहार लगाई है गुरुद्वारा चौराहे पर अनेक संख्या में कैमरे लगे हुए हैं अब देखना यह पुलिस प्रशासन ऐसे शातिर ठग पर कैसे लगाम लगा पाएगा।

# इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में हैकशास्त्र से नवाचार और कौशल विकास की दिशा में बड़ा कदम

वेलकम इंडिया



**साहिबाबाद (अनिल वशिष्ठ)।** औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 स्थित इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में ह्लहैकशास्त्र चैप्टरह्व का शुभारंभ किया गया। यह पहल छात्रों में नवाचार, तकनीकी दक्षता और स्टार्टअप संस्कृति को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उभरती तकनीकों, रचनात्मक विचारों और उद्योग से जोड़ना है ताकि वे अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के निदेशक प्रो डॉ अरुण कुमार सोलंकी द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपने अकादमिक अध्ययन के साथ नवीनतम तकनीकों और नवाचारों की जानकारी रखना अत्यंत आवश्यक है। हैकशास्त्र चैप्टर छात्रों को अपने विचारों को हकीकत में बदलने का उत्कृष्ट मंच प्रदान करेगा। हैकशास्त्र कम्युनिटी के संस्थापक उदय शर्मा ने बताया कि इस प्लेटफॉर्म से वर्तमान में 10,000 से अधिक सक्रिय सदस्य जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि आईपीईसी में हैकशास्त्र चैप्टर की स्थापना से छात्रों में कौशल विकास, विचार निर्माण और नवाचार की संस्कृति को नई दिशा मिलेगी। उद्घाटन समारोह में पाँच प्रेरणादायक स्पीकर सेशन आयोजित किए गए, जिनमें अदेफाव राशिद,कुलदीप सिंह राठौर, ध्रुव नारायण,विकास सहगल,उदय शर्मा रहे। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. अरविंद तिवारी ने सभी स्पॉन्सर्स पीडब्लू स्किल्स, मार्केट माफिया, प्रीडेटर, बुर्राह, पाथवेज और अभिबस का धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर कॉलेज के 450 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विशिष्ट फैकल्टी सदस्यों में डॉ. मीनाक्षी शर्मा, डॉ. वाई. एस. यादव, डॉ. सुनीता यादव, डॉ. विजय सिंह, डॉ. तनवीर इकराम, डॉ. वी. एन. झा और डॉ. एस. पी. सिंह सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने न केवल छात्रों में तकनीकी नवाचार के प्रति उत्साह जगाया बल्कि उन्हें भविष्य की डिजिटल दुनिया के लिए तैयार करने की दिशा में भी एक नई शुरूआत की।

# गन्ने के मूल्य में बढ़ोतरी से किसानों में खुशी की लहर- बिट्टू खंजरपुर

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** राष्ट्रीय लोक दल सदस्यता अभियान हापुड़ के प्रभारी एवं वरिष्ठ नेता बिट्टू खंजरपुर ने कहा कि रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के प्रयास से योगी सरकार ने प्रदेश के गन्ना किसानों को दीपावली के बाद बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने गन्ने का समर्थन मूल्य 30 रुपये प्रति कुंतल बढ़ाने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। अब इस सीजन में गन्ने का मूल्य 370 से बढ़ाकर - 400 रुपये प्रति कुंतल कर दिया गया है। यह बढ़ोतरी पिछले कई वर्षों में शुगर मिल चलने से पहले सबसे बड़ी मानी जा रही है। गन्ने के मूल्य में बढ़ोतरी की घोषणा होते ही किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्होंने कहा गन्ने का मूल्य बढ़ाए जाने से किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है। गन्ना मूल्य बढ़ाए जाने पर बिट्टू खंजरपुर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी का आभार व्यक्त किया है।

# जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईविएम संरक्षित स्ट्रांग रूम का मासिक निरीक्षण किया



वेलकम इंडिया महमूद रजा

बिजनौर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम संरक्षित स्ट्रांग रूम का मासिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ईवीएम स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सील्ड तालों सहित ईवीएम सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गईं। तदोपरांत जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा झंडापुर स्थित वीवी पेट वेयरहाउस का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने सिक्योरिटी, विद्युत व्यवस्था, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम के रख रखाव व सुरक्षा के दृष्टिगत सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति जताई और सुरक्षा के इंतजाम देख कर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती वान्या सिंह, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों में भाजपा से धीर सिंह, बसपा मुहम्मद सिद्दीक, कांग्रेस से अनिल त्यागी तथा सपा से अखलाक पप्पू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ द्वारा सदस्यता अभियान आयोजित किया




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** लोनी के ग्राम बंथला में सदस्यता अभियान राष्ट्रीय लोक दल महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें भारी संख्या में महिलाओं ने राष्ट्रीय लोकदल में सदस्यता ग्रहण की। जिसमें मुख्य रुप से जिला अध्यक्ष सुमन चौधरी ,महानगर अध्यक्ष राखी सिंधु, जिला महासचिव राशि उपाध्याय, लोनी नगर अध्यक्ष कल्पना जी मुख्य रुप से मौजूद रहे, शांति देवी, बबीता,रेखा,कौशल्या, नीलम, प्रिया, रूपा,रीना, लक्ष्मी, गीता,शालू आदि ने सदस्यता ग्रहण की।


# फार्मर रजिस्ट्री शासन की एक महत्वपूर्ण योजना



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** एसडीएम अजीत सिंह एवं तहसीलदार रजत सिंह ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है जिससे किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ दिया जायेगा । जिसकी समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी गाजियाबाद द्वारा निर्देश दिये गये कि उक्त कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराना है। उक्त निर्देशों के क्रम में प्रत्येक ग्राम में कैम्प लगाये गये है। प्रत्येक लेखपालों द्वारा ग्राम में कैम्प लगाकर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न किया जा रहा है। जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं रहेगी उनको अगली बार का प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं दिया जायेगा। अतः ग्रामों के ग्राम प्रधान/किसानों से अनुरोध है कि ग्राम के पंचायत सचिव/लेखपाल से सम्पर्क कर किसान अपने आधार कार्ड प्रस्तुत कर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न करायें। ताकि किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मिल सकें।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया



**नजीबाबाद।** नजीबाबाद नगर के वालिया ग्लोबल एकेडमी में सामाजिक–विभाग द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत पर रश्मि अवस्थी के निर्देशन में एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्र–छात्राओं में राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विविधता और भारतीय परम्पराओं के प्रति जागरुकता बढ़ाना है गुरुवार को नगर के वालिया ग्लोबल एकेडमी में एक भारत श्रेष्ठ भारत सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि साहू जैन डिग्री कोलेज के पूर्व प्राचार्य अल. एस. विष्ट तथा कवि साहित्यकार शिक्षक इन्द्र देव भारती ,स्कूल प्रबंधक कमल कांत वालिया , इंदु वालिया,स्कूल चेयरमैन रमाकांत वालिया , भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, मोहित कर्णवाल , डॉ अरविन्द राजपूत द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम देश की एकता और सदभाव को मजबूत करने का एक प्रयास है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश भर के लोगों को एक दूसरे से जोड़ना है। भारत एक ऐसा देश है जो विविधता में एकता का सबसे बेहतर उदाहरण है। शांति व सदभाव बनाने के इस ठोस पहल को बनाए रखने के लिए एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया।

# कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं ऑपरेशन कायाकल्प की बैठक आयोजित हुई

वेलकम इंडिया महमूद रजा




बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं ऑपरेशन कायाकल्प की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने स्कूलों के निरीक्षण के लिए नामित किए गए विभागीय अधिकारियों द्वारा निरीक्षण न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए की जिन अधिकारियों द्वारा स्कूलों का निरीक्षण नहीं किया गया है उनसे जवाब तलब करना सुनिश्चित करें इसी के साथ ही उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार स्कूलों के निरीक्षण का कार्य शत प्रतिशत रूप से पूरा करें तथा इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार के शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के निरीक्षण के लिए एसडीएम से संपर्क कर रोस्टर तैयार करें ताकि उप जिलाधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का निरीक्षण कराया जा सके। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन जर्जर विद्यालयों में पोलिंग केंद्र स्थापित हैं, उनके स्थान पर आसपास शासकीय/अर्द्धशासकीय भवनों को तलाश कर उनका संबंधित उप जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण कराएं ताकि उक्त संबंध में अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को यह भी निर्देश दिए की प्रत्येक स्कूल में कंप्यूटर कि मेंटेनेंस के लिए एक नोडल अधिकारी नामित करें और उनसे प्रतिमाह रिपोर्ट तलब करें यदि किसी कंप्यूटर में कोई कमी पाई जाए तो तत्काल उसको दूर कर प्रयोगार्थ बनाया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी स्कूलों में बच्चों के अभिभावकों के साथ मीटिंग आयोजित कर बच्चों को तत्काल रूप से दो-दो स्वेटरों की खरीद कराएं, जिनके क्रय के लिए शासन द्वारा अभिभावकों के खातों में पूर्व में धनराशि का अंतरण किया जा चुका है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि रसोइयों को उनके मानदेय का शत प्रतिशत रूप से भुगतान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को बच्चों के आधार कार्ड पूर्ण कराने के लिए विशेष कैंपों के आयोजन के लिए भी निर्देशित किया।

# क्षेत्र के लोगों ने प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सतीश त्यागी को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** लक्ष्मी नारायण मोदी मंदिर परिसर में आयोजित एक श्रद्धांजलि सभा में प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सतीश त्यागी को शहर एवं क्षेत्र के लोगों ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की । प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सतीश त्यागी की गत सप्ताह बीमारी के चलते स्वर्गवास हो गया था। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, विधायक डॉक्टर मंजू सिवाच, नीरज त्यागी, अनिल त्यागी, विवेक त्यागी सहित सामाजिक, राजनैतिक व पत्रकारों सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग शरीक हुए।

# दिल्ली में 14 दिसंबर को आयोजित होगा सूड़ी शौण्डिक सम्मेलन व सह सम्मान समारोह

## सीएम रेखा गुप्ता होंगी मुख्य अतिथि, प्रतिनिधिमंडल का निमंत्रण स्वीकारा

वेलकम इंडिया

**नई दिल्ली।** आगामी 14 दिसम्बर को आईटीओ स्थित प्यारेलाल भवन में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय सुड़ी शौण्डिक महासम्मेलन एवं सह सम्मान समारोह में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता बतौर अतिथि शामिल होंगी। सुड़ी शौण्डिक समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने गत दिवस मुख्यमंत्री आवास पर सीएम रेखा गुप्ता से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ, शाल, नंदी से सम्मानित कर दीपावली एवं छठ की हार्दिक बधाई दी गई और दिल्ली में छठ महापर्व के भव्य आयोजन की सराहना की गई। इस अवसर पर सुड़ी शौण्डिक समाज के प्रतिनिधियों ने सीएम रेखा को आगामी 14 दिसम्बर को आईटीओ स्थित प्यारेलाल भवन में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय सुड़ी शौण्डिक महासम्मेलन एवं सह सम्मान समारोह के बारे में अवगत कराने के साथ ही उक्त समारोह के लिए मुख्य अतिथि हेतु निमंत्रण पत्र सौंपा जिसे मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार कर अपनी सहमति प्रदान की। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश शौण्डिक समाज के अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय शौण्डिक संघ के राष्ट्रीय संयोजक शिवरतन प्रसाद गुप्ता, दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रभारी पंकज जैन, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता एवं दिल्ली सुडी समाज के महासचिव रंजन प्रसाद, राष्ट्रीय सागर समाचार पत्र के सम्पादक वेद प्रकाश, दिल्ली सूड़ी समाज के उपाध्यक्ष हीरालाल प्रधान, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं दिल्ली सुड़ी समाज के उपाध्यक्ष सुनील कुमार, दिल्ली सूड़ी समाज के संगठन सचिव अरुण पंजियार व वरिष्ठ समाजसेवी रामेश्वर कुमार आदि शामिल रहे।




# उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने किया जीडीए परियोजनाओं का औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने गुरुवार को प्राधिकरण के सचिव, मुख्य अभियंता और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं एवं निमार्णाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति और अधोसंरचना से जुड़ी व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपाध्यक्ष श्री कलाल ने कहा कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की सभी परियोजनाएँ शहर के समग्र विकास और जनसुविधा को ध्यान में रखकर चलाई जा रही हैं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक योजना में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए ताकि नागरिकों को शीघ्र और प्रभावी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने मधुबन बापूधाम योजना, राजनगर एक्सटेंशन, नूरनगर, और हरनंदीपुरम योजना के तहत चल रही परियोजनाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), निमार्णाधीन आर.ओ.बी., बुनकर मार्ट, प्राधिकरण का नवीन कार्यालय भवन, तथा प्रस्तावित इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम स्थल का भी स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यस्थलों पर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की और कहा कि गाजियाबाद जैसे तीव्र गति से विकसित हो रहे शहर में अधोसंरचना निर्माण केवल भवन खड़ा करना नहीं, बल्कि जीवन स्तर सुधारने की दिशा में उठाया गया कदम है। इसलिए प्रत्येक परियोजना जनहित की भावना से पूर्ण की जानी चाहिए। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि विकास कार्यों में उपयोग हो रही सामग्रियों की गुणवत्ता का नियमित परीक्षण कराया जाए, ताकि किसी भी स्तर पर निर्माण में कमी न रह जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करे, क्योंकि शहर का विकास सामूहिक प्रयास से ही संभव है। निरीक्षण के उपरांत उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने मधुबन बापूधाम योजना परिसर में वृक्षारोपण किया, जिसमें प्राधिकरण के सचिव श्री राजेश कुमार सिंह, प्रभारी मुख्य अभियंता श्री आलोक रंजन, तथा अन्य अधिकारी एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष ने कहा कि हरित क्षेत्र बढ़ाना केवल शहर की सुंदरता को नहीं बढ़ाता, बल्कि स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण के निर्माण के लिए यह अनिवार्य कदम है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राधिकरण की सभी योजनाओं में अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाए और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित की जाए।



# मोरटी और अटोर में 26 बीघा में काटी जा रही अवैध कालोनियां ध्वस्त




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने अवैध निर्माण और अनाधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ गुरुवार को एक और बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। उपाध्यक्ष श्री नंद किशोर कलाल के दिशा-निर्देशों पर प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने मोरटी और अटोर क्षेत्र में लगभग 26 बीघा भूमि पर काटी जा रही अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाया। यह कार्रवाई प्राधिकरण की हरनंदीपुरम योजना से सटी अटोर क्षेत्र में की गई, जहां लगभग 14 बीघा भूमि पर अनाधिकृत कॉलोनी विकसित की जा रही थी। यहां खेती की भूमि पर इंटरलॉकिंग टाइल्स, सड़कों और कमरों का निर्माण किया जा रहा था, जिन्हें प्रवर्तन टीम ने मौके पर पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। जीडीए अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल द्वारा दिए गए स्पष्ट निदेर्शों के तहत की गई, जिनमें कहा गया है कि किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण या अनाधिकृत कॉलोनी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पहले ही चेतावनी दी थी कि सभी निर्माणकर्ता और भू-माफिया समय रहते अपने निर्माण कार्य बंद करें, अन्यथा प्राधिकरण कठोरतम कदम उठाएगा। प्रवर्तन जोन-1 के प्रभारी के नेतृत्व में चली इस कार्रवाई के दौरान अवैध निमार्णों को जेसीबी मशीनों से ध्वस्त किया गया।

## भाजपा पार्षद की कार पर फायरिंग से हड़कंप, पुलिस ने हमलावरों की तलाश में बनाई कई टीमें

**गाजियाबाद।** शहर के मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र में बीती रात उस समय सनसनी फैल गई जब भाजपा पार्षद शीतल चौधरी की कार पर बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोलियों की आवाज सुनकर मौके पर अफरा–तफरी मच गई। गनीमत रही कि पार्षद इस हमले में बाल–बाल बच गए। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और घटनास्थल पर पुलिस अधिकारियों का जमावड़ा लग गया। सूचना मिलते ही थाना मधुबन बापूधाम के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल और एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और घटना की जानकारी ली। उन्होंने थाना प्रभारी को वारदात के शीघ्र खुलासे के निर्देश दिए। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि पार्षद शीतल चौधरी की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# जिलाधिकारी का सख्त रुख, सेवी बिले डे सोसाइटी के पदाधिकारियों पर एफआईआर

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ प्रशासनिक सख्ती और जनसुनवाई में पारदर्शिता को लेकर लगातार चर्चा में हैं। आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए वे हर स्तर पर एक्शन मोड में दिखाई दे रहे हैं। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा रही है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि किसी भी व्यक्ति का शोषण नहीं होने दिया जाएगा। शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता से निस्तारण कराना हमारी जिम्मेदारी है। लगातार हो रही जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी को शहर की सोसाइटियों और बहुमंजिला आवासीय इमारतों से जुड़ी शिकायतें लगातार मिल रही थीं। इन शिकायतों में विशेष रूप से सोसाइटी प्रबंधन समितियों द्वारा वित्तीय अनियमितताओं, रख-रखाव में लापरवाही, लिफ्ट, जनसुविधाओं और अन्य समस्याओं की अनदेखी जैसी बातें सामने आईं। इस पर जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में एक विशेष टास्क फोर्स टीम गठित की, जो अब पूरी तरह एक्शन मोड में है और लगातार मौके पर जाकर कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में गुरुवार को एक बड़ा मामला सेवी बिले डे सोसाइटी, राजनगर एक्सटेंशन से सामने आया। इस सोसाइटी के निवासी सत्यजीत कुमार ने जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें सोसाइटी के पदाधिकारियों पर वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में वित्तीय अनियमितताओं और धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था। इस शिकायत पर जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस आयुक्त से वार्ता की और प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज कराने के निर्देश दिए। आदेश के पालन में सोसाइटी के पदाधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार एफआईआर दर्ज की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जिले में पारदर्शी और उत्तरदायी प्रशासन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का शत-प्रतिशत समाधान गुणवत्ता के साथ किया जाए, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके और भ्रष्टाचार या मनमानी की कोई गुंजाइश न रहे। नगर मजिस्ट्रेट डॉ. सन्तोष कुमार उपाध्याय ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर जनसुविधाओं और सोसाइटी प्रबंधन से संबंधित मामलों में सघन कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने जानकारी दी कि शिलर इंस्टिट्यूट आर-6, राजनगर में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पदभार ग्रहण कराने हेतु मजिस्ट्रेट की निगरानी में कार्यवाही की गई।



# हिंडन खादर में छिपाए गए हजारों लीटर लहन और अवैध शराब बरामद

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनपद में त्योहारी सीजन की सफलता के बाद अब आबकारी विभाग की कार्यवाही और उसकी धार दोनों ही तेज दिखाई दे रही हैं। जिले में शराब माफियाओं की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग की टीम लगातार मुस्तैदी से काम कर रही है। विशेषकर हिंडन खादर क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ विभाग ने ऐसी कार्रवाई की है कि शराब माफियाओं की नींद उड़ी हुई है। जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार प्रथम ने अवैध शराब के निर्माण और तस्करी के खिलाफ जिले में सक्रिय अभियान चलाया है। उनका कहना है कि शराब माफियाओं के जाल को तोड ?, उनके नेटवर्क को खंगालने और आम जनता में जागरूकता पैदा करने के लिए विभाग लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब की समस्या केवल कानून के माध्यम से ही नहीं, बल्कि जनसहयोग के जरिए भी समाप्त की जा सकती है। इसलिए विभाग ने जनता के बीच जागरूकता फैलाने और उन्हें इस अभियान का हिस्सा बनाने पर विशेष ध्यान दिया है। अवैध शराब के निर्माण का गढ़ माना जाने वाला हिंडन खादर क्षेत्र इस बार भी आबकारी विभाग के निशाने पर था। त्योहारी सीजन के बाद विभाग ने शराब माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए जंगलों और झाडियों में छिपाए गए अवैध शराब के ड्रमों को बरामद किया। आबकारी निरीक्षक अनुज वर्मा की टीम ने थाना लोनी के अंतर्गत भूपखेडी और थाना मुरादनगर के अंतर्गत मथुरापुर एवं शमशेरपुर में दबिश दी।




## प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की नाक के नीचे दम तोड़ती वसुंधरा की सांसें

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी जिनके जिम्मे जिले की हवा को शुद्ध रखना है, वे खुद अपने कार्यालय के बाहर बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित नहीं कर पा रहे हैं। वसुंधरा स्थित बोर्ड का क्षेत्रीय कार्यालय, जहां से गाजियाबाद और हापुड़ की वायु गुणवत्ता की निगरानी की जाती है, अब खुद ही प्रदूषण का केंद्र बन गया है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि इस वर्ष एक जनवरी से 29 अक्टूबर तक वसुंधरा के लोगों को केवल आठ दिन ही साफ हवा नसीब हुई।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि अधिकारी सिर्फ दफ्तरों में बैठकर योजनाएं बनाते हैं, मगर उन्हें जमीन पर नहीं उतारते। नतीजतन, वसुंधरा की हवा दिन-प्रतिदिन जहरीली होती जा रही है। बुधवार को वसुंधरा का वायु गुणवत्ता सूचकांक 322 दर्ज किया गया, जो बेहद खराब श्रेणी में आता है।

# 36 माली श्रमिकों का हुआ विनियमितिकरण

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम गाजियाबाद ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अनुपालन करते हुए एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। निगम ने उद्यान विभाग के 36 माली श्रमिकों का विनियमितिकरण करते हुए उन्हें स्थायी रूप से निगम सेवा में शामिल कर लिया है। गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सभी विनियमित माली श्रमिकों को नियुक्ति पत्र सौंपे और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज कुमार सिंह, तथा नगर निगम कर्मचारी संघ अध्यक्ष अनुराग नगर सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी प्रतिनिधि मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने मालियों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोग शहर की सुंदरता और स्वच्छता के असली प्रहरी हैं। अब जब आपको स्थायी दर्जा प्राप्त हुआ है, तो निगम हित और नगर हित में और अधिक समर्पण से कार्य करें।

उन्होंने कहा कि नगर निगम सदैव अपने कर्मचारियों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में यह विनियमितिकरण प्रक्रिया लंबे समय से प्रतीक्षित थी, जिसे अब साकार किया गया है। नगर आयुक्त ने बताया कि नगर निगम के 73 माली श्रमिकों का मामला उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन था, जिसमें निगम के पक्ष में निर्णय आया। न्यायालय के आदेश के अनुसार वर्तमान में निगम में उपलब्ध 36 स्थायी पदों पर 36 माली श्रमिकों का विनियमितिकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि शेष माली श्रमिकों के लिए नए पद सृजन हेतु शासन को पत्र भेजा जा चुका है, और जैसे ही शासन से स्वीकृति प्राप्त होगी, अन्य श्रमिकों का भी विनियमितिकरण कर दिया जाएगा। नगर आयुक्त ने कहा कि 16 जुलाई 2005 से नियमितिकरण प्रक्रिया चल रही है।



## एसीपी उपासना पांडे ने छात्रों को बताया भारतीय न्याय संहिता, नागरिक सुरक्षा संहिता और साक्ष्य अधिनियम के प्रमुख प्रावधान

**गाजियाबाद।** नये आपराधिक कानूनों के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से नंदग्राम सहायक पुलिस आयुक्त उपासना पांडे के नेतृत्व में गुरुवार को थाना सिहानी गेट पुलिस टीम द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को भारत में लागू हुए तीन नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। कार्यक्रम के दौरान एसीपी उपासना पांडे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इन नए कानूनों का उद्देश्य आम नागरिक को न्याय प्रणाली से अधिक जोडा और अपराध पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाना है।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक सम्पन्न

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में गुरुवार को महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट परिसर में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका (विकास कार्यों से संबंधित) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद स्तर पर संचालित विभिन्न विकास एवं राजस्व विभागों की योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जनपद की कुल रैंक 46 है, जिसमें विकास कार्यों के लिए जनपद को 31वीं और राजस्व कार्यों में 46वीं रैंक प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि यह रैंकिंग सुधार की दिशा में संकेत दे रही है और जनपद के सभी विभागों को मिलकर बेहतर प्रदर्शन करने की आवश्यकता है। मुख्य विकास अधिकारी ने समीक्षा के दौरान जानकारी दी कि पुस्तिका में कुल 76 योजनाएं प्रदर्शित हैं, जिनमें से 13 योजनाएं जनपद में संचालित नहीं हैं। शेष 63 योजनाओं में से 56 योजनाएं ए ग्रेड, 03 बी ग्रेड, 01 सी ग्रेड और 03 डी ग्रेड में रहीं। उन्होंने कहा कि बी, सी और डी ग्रेड में आने वाले विभाग अपने कार्यों की गति और गुणवत्ता में सुधार करें, ताकि अगले मूल्यांकन में जनपद की रैंकिंग बेहतर हो सके। सीडीओ अभिनव गोपाल ने कहा कि जो विभाग बी, सी या डी ग्रेड में हैं, वे अपनी कार्यशैली में तत्काल सुधार करें। योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभागाध्यक्ष अपने अधीनस्थ अधिकारियों से सतत संवाद बनाकर कार्यों की समीक्षा करें और विकास योजनाओं की प्रगति को प्राथमिकता पर लें। बैठक में प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार बी ग्रेड में निपुण परीक्षा आंकलन, मध्यान्ह भोजन एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति, और नई सड़कों का निर्माण जैसी योजनाएं रहीं। सी ग्रेड में फैमिली आईडी योजना रही, जबकि डी ग्रेड में पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना, डे एनआरएलएम आरएफ सीआईएफ, और निर्माण कार्य (सीएमआईएस) को शामिल किया गया।




## OXY HOMEZ, AOA

Loni Bhopura Road, Ghaziabad, Pin-201102
Email: aoa@oxyhomez.co.in Tel: +91-9990992219, 9971472910

**NOTICE INVITING TENDER**

Apartment Owners Association (AOA), Oxy Homez Ghaziabad invites sealed tenders by way of Percentage Rate Tenders from the eligible contractors for the below mentioned work:

| S. No. | Name of Work | Estimated Cost | EMD Amount | Sale of Tender Document | Pre-Bid Meeting | Last Date & Time for Submission | Technical Bid Opening Date & Time | Time for Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | (b) | (c) | (d) | (e) | (f) | (g) | (h) | (i) |
| 1. | Building Repair & Painting | Rs. 363.24 Lacs | Rs. 2.00 Lacs | 31-10-2025 from 10:00 AM | 09-11-2025 at 2:00 PM | 14-11-2025 upto 4:00 PM | 15-11-2025 upto 2:00 PM | 12 Months |

Eligibility, specifications, terms and conditions shall be mentioned in the tender document. Hard copy of tender document can be received from AOA Office on payment of Rs.100/- or by e-mail to: aoa@oxyhomez.co.in Tender documents fee would not be applicable if requested by e-mail. The Secretary, AOA, Oxy Homez reserves the right to reject any or all tender without assigning any reason(s) thereof.

**Secretary, AOA, Oxy Homez, Ghaziabad**